हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

# शेष रह गए अवशेष...

## दूसरे दिन भी दहकता रहा बिजली का गोदाम, प्रत्यक्षदर्शी ने कहा- चिंगारी के बाद वायर टूटकर गिरा फिर लगी आग



फोटो : भूपेश जांगड़े/ किशन लोखंडे

### सुलगते रहे कई बड़े ट्रांसफार्मर

आग पर काबू पाने के बाद भी कई बड़े ट्रांसफार्मर 25 घंटे बाद भी सुलगते रहे। इन सुलगते ट्रांसफार्मरों पर 3-4 बार दमकल गाड़ियों से बौछारे की गई हैं, लेकिन इसके बाद भी ट्रांसफार्मर सुलग रहे हैं। दमकल कर्मी दोपहर बाद भी इस सुलगते ट्रांसफार्मरों को पानी की बौछारों से बुझाने का प्रयास करते रहे।



रायपुर के गुढ़ियारी बिजली सब स्टेशन के गोदाम में शुक्रवार दोपहर लगी भीषण आग दूसरे दिन भी दहकती रही। इस आग को बुझाने के लिए राज्य के कई जिलों से दमकल विभाग की टीम को बुलाया गया, जो रातभर कड़ी मशक्कत करते हुए करीब 32 हजार लीटर पानी की बौछारें कर आग पर काबू पाया, लेकिन इसके बाद भी कई बड़े टांसफार्मर में आग सुलगते रही, जिस पर काबू पाने का काम दूसरे दिन दोपहर तक चलता रहा। इधर भीषण आग कैसे लगी इसकी जांच और आगजनी से कितना नुकसान हुआ है इसका आंकलन अभी तक नहीं किया गया है।

**32 हजार लीटर पानी की बौछारें फिर पाया आग पर काबू**

- आग ने किया सबकुछ तबाह- करोड़ों के ट्रांसफार्मर, बिजली उपकरण, दफ्तर, चबुतरा शेड, पेड़ सब जल गए
- कृष्णानगर के 40 से अधिक घरों तक पहुंची आग की तेज लपटों की चिंगारी एवं तपिश
- जला दी पानी की टंकी, प्लास्टिक के पाइप हुए क्षतिग्रस्त, खिड़कियों के कांच टूटे, कपड़े भी जले
- दूसरे दिन भी दिनभर घटना स्थल पर जिला प्रशासन, नगर निगम, पुलिस, बिजली विभाग के अधिकारियों का दल
- 25 घंटे बाद भी कई बड़े ट्रांसफार्मर सुलगते रहे 45 से ज्यादा दमकल

लक्ष्मण लेखवानी ▶▶| रायपुर

आगजनी के दूसरे दिन भी घटना स्थल पर प्रशासनिक अधिकारियों की टीम सहित पूरा अमला मौजूद रहा जो आग बुझाने से लेकर अन्य व्यवस्थाओं में लगे रहे। हरिभूमि की टीम भी इस पूरे हादसे की पड़ताल करने मौके पर पहुंची। इस दौरान एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि आग गोदाम के एक किनारे के ऊपर से गुजरी बिजली वायर में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। इस वायर में पहले काफी देर तक चिंगारी उठते रही। इसके बाद वायर टूटकर ट्रांसफार्मरों पर जा गिरी, जिसके बाद आग लग गई। उसने यह भी बताया कि आग इतनी ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पुलिस जांच कर रही

ट्रांसफार्मर यार्ड में आग कैसे लगी इस बात की बिजली विभाग, फायर ब्रिगेड के अलावा पुलिस अपने एंगल से जांच कर रही है। एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच करने बिजली विभाग से डीवीआर मंगाया गया है। इसके साथ ही आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की पुलिस टीम जांच कर रही है। जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद पुलिस सुरक्षा बिंदु की अलग से जांच करेगी।



### प्रशासन ने मुआवजा के रुप में दिए 9-9 हजार प्रभावितों ने कहा- नुकसान ज्यादा का हुआ

गोदाम में आगजनी की घटना के दूसरे दिन ही जिला प्रशासन ने प्रभावित घरों के परिवारों को 9-9 हजार रुपए आर्थिक सहायता राशि के रूप में दी है। इस राशि के अलावा जिस-जिस घर की पानी टंकी और पाईप कनेक्शन को नुकसान पहुंचा है। उन घरों में नई पानी टंकी व पाईप कनेक्शन फ्री में लगाया गया है। इधर प्रभावितों में कपिल शर्मा, सदानंद सिंह, नूतन साहू, अमृत मिस्त्री आदि का कहना है कि नुकसान 40-50 हजार का हुआ है, जबकि मुआवजा सिर्फ 9-9 हजार रुपए दिए गए है। उन्होंने यह भी बताया कि इस कालोनी को ▶▶| शेष पेज 7 पर



फैक्ट फाइल

### प्रशासनिक सक्रियता का असर, जनहानि नहीं

इतनी बड़ी आगजनी की घटना होने के बाद भी सुखद यह है कि इस घटना में कोई भी जन हानि या कोई घायल नहीं हुआ है। आगजनी की घटना के तत्काल बाद प्रशासनिक अमला सक्रिय हुआ था। ऊर्जा विभाग के चेयरमैन पी. दयानंद ने कमान संभालते हुए आग पर तत्काल काबू पाने की व्यवस्था कराई। इधर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लेकर कलेक्टर गौरव सिंह, एसएसपी संतोष सिंह और निगम कमिश्नर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पहुंचकर आगजनी की जानकारी लेकर लोगों की सुरक्षा से लेकर अन्य इंतजाम कराने की व्यवस्था तत्काल कराई गई। इतनी भीषण आगजनी के बाद कोई घायल नहीं हुआ। जिनके घरों को नुकसान हुआ उन्हें तत्काल मुआवजा भी दिया गया।




'मितरों, भ्रष्टाचारियों के ख़िलाफ़ एक्शन लूंगा'
एक-एक को जुमला पार्टी में भर लूंगा



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जनहित में जारी.




DEALER | **BILASPUR: MASANGANJ** : Akash Store, Saluja computer service 9302722444 • **RAIGARH** : Anupam Lifestyle 9981166102, Platinum Gift 98277 67333 • **JASPUR** :Ghar Sansar Electronics 9303414666, Gupta Watch & Electronics 9329332148,New Seo Electronics 9329703232 • **SARANGARH** : Shaily Music & Electronics 7389754643 • **PANDARIYA** :Gupta Electronics & Radio Center 9893534533, Om Traders & Electronics 9981237294 • **KATGHORA** :Krishna Enterprises 9826438599 • **AKALTARA** : Virendra Electronics 89329653963 • **SAKTI** : MK Sales 9329816661 • **BAIKUNTHPUR** :Raja Enterprises 7828004800 • **PATHALGAON** : Vikas Electronics 9893239795 • **KUNKURI** : Surabhi Electronics 9425278902 • **CHIRMIRI** : Vidya Shree Electronics 7000103397, Anshul Electronic & Electrical 9009155313 • **KORBA** :Shri Balaji Electronic 919303396111, Laxmi Fancy & Light Store 7000619515, Om Prakash Electronics 9827188721 • **MUNGELI** : Kotadiya Marketing 9826670114

बिलासपुर

रविवार 7 अप्रैल 2024

चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी

वर्ष : 24, अंक : 14

पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00***

# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 40.6
न्यून. 24.0



9 भारत को हॉकी में मिली करारी हार ...

विचार पेज
2 कांग्रेस की गारंटी या विरोध पत्र


भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव में अपनी भूमिका निभायें

QR कोड स्कैन कर cVigil ऐप डाउनलोड करें और किसी भी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट करें

iOS Android




राजकुमार राव
राष्ट्रीय आइकॉन, ईसीआई

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

#IVoteForSure
#MeraVoteDeshKeLiye

CBC 52101/13/0004/2425


*गर्मी शुरू होने के साथ ही लोको पायलट की तबीयत अब बिगड़ने लगी है। रेलवे ने 2013 में इंजनों में एसी लगाने रेल बजट में घोषणा की थी, जिसे अभी तक पूरा नहीं किया है। डब्ल्यूएजी- 9 मॉडल की इंजनों में एसी नहीं लगाने से लोको पायलट को तेज गर्मी के बीच 45 से 48 डिग्री में ट्रेन चलाना पड़ रहा है।*

# बाहर टेम्परेचर 41 डिग्री

# रेल इंजन के भीतर हरिभूमि की जांच में निकला 48 डिग्री, बोगी में 43



**केस 1** *रायगढ़ से महाराष्ट्र जा रही मालगाड़ी का दोपहर 2 बजे इंजन का तापमान 48 डिग्री दर्ज किया गया। लोको पायलट ने बताया कि यह शुरुआत है। मई तक यह 50 से 60 तक पहुंच जाएगा।*

**केस 2** *दोपहर 2: 35 को रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस का इंजन 42 डिग्री मिला, जो स्टेशन के तापमान से 8 डिग्री अधिक था। लोको पायलट ने बताया कि अब गर्मी में 5 लीटर रोज पानी पीते हैं, ताकि सेहत खराब न हो।*

**केस 3** *दोपहर तीन बजे ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल कोच का तापमान 45 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं खाली कोच का तापमान 41 तक रहा। गर्मी और भीड़ के कारण कोच में तापमान शाम 6 बजे तक बना रहा है।*

ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर

तेज गर्मी काम करने से रक्तचाप, हाइपरटेंशन जैसी अन्य बीमारी भी होने लगी है। बाहर के तापमान से इंजन का पारा बाहर से 5 से 10 डिग्री अधिक हो गया है। हरिभूमि ने शनिवार को रेलवे स्टेशन से लेकर जनरल कोच और इंजन में पारा रिकॉर्ड किया, तो चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। जनरल कोचों में जहां भारी उमस, भीड़ और गर्मी की वजह से तापमान 43 से 45 डिग्री रिकॉर्ड किया ▶▶|शेष पेज 7 पर

**हरिभूमि लाइव**




### पुराने इंजनों में एसी नहीं

रेलवे ने इंजनों में एसी लगाने की घोषणा की थी। पुराने इंजनों को मॉडिफाई कर एसी लगाना था, लेकिन अभी तक नहीं लगा है। गर्मी में इंजन का तापमान बाहर से 10 डिग्री तक अधिक होता है। - **जय शंकर,** सचिव, लोको पायलट संघ

### 120 की रफ्तार में आग के सामान गर्म हवा

शहर में शनिवार को दोपहर 12 से 3 बजे तक गर्मी 40.6 रही। इसी तापमान में हरिभूमि ने इंजन, गार्ड केबिन और कोचों का तापमान जांच किया। एक्सप्रेस ट्रेन का तापमान 48 डिग्री दर्ज किया गया जो, सामान्य की तुलना 8 डिग्री अधिक था। लोको पायलट ने बताया, गर्मी बढ़ने से इंजन का तापमान 60 डिग्री तक पहुंच जाता है। वर्तमान में दोपहर से शाम तक ▶▶|शेष पेज 7 पर



*सात लीटर पानी पीने के बाद भी नहीं बुझ रही प्यास, बगैर पंखा और एसी 9 घंटे चला रहे रेल*



*रेलवे ने 2013 में लोको इंजन में ऐसी लगाने की घोषणा की थी, तब से जारी है मांग*

# 25 लाख के इनामी समेत तीन नक्सली मार गिराए







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

तेलंगाना और छत्तीसगढ़ की सरहद पर शनिवार को फिर एक बार पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में 25 लाख के इनामी नक्सली सहित 3 नक्सलियों को सुरक्षाबलों के जवानों ने ढेर कर दिया। एसपी बीजापुर जितेन्द्र यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि जिले के उसूर ब्लाक के पुजारी कांकेर एवं नंबी के करीगुट्टा पहाड़ियों और जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के ▶▶|शेष पेज 7 पर

- पुजारी कांकेर एवं नंबी के करीगुट्टा में पुलिस-नक्सली मुठभेड़

### घटना स्थल से आधुनिक हथियार बरामद

जवानों ने जब मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग की, तो उन्हें 3 वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद हुए। इसके अलावा एके 47 और एलएमजी जैसे आधुनिक हथियार भी बरामद हुए है। वहीं जवान लगातार क्षेत्र में सर्चिंग जारी रखे हुए है।

### 4 दिन पूर्व 13 नक्सलियों को किया था ढेर

4 दिन पहले जवानों ने 3 दिन तक सर्च ऑपरेशन चलाकर गंगालूर थाना क्षेत्र के कोरचोली और लेंड्रा के जंगलों में 13 नक्सलियों को ढेर करने में बड़ी सफलता हासिल की थी। उनके पास से भी आधुनिक हथियार बरामद हुए थे।

*मुख्यमंत्री साय ने कहा- भूपेश को ऐसे हराना है कि राजनांदगांव की तरफ देखें भी न*

*15 वर्षों तक पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ को संवारने का काम किया*



# कांग्रेस ने घोटाले तो किए ही ईमान भी खा गए: डॉ. मोहन

### भूपेश को ऐसे हराना है कि राजनांदगांव की तरफ देख भी न सके

श्री साय ने कहा कि कांग्रेस ने अपने 5 साल के शासनकाल में कवर्धा को अशांत कर दिया था। यहां के तत्कालीन विधायक मोहम्मद अकबर की शह पर सनातनियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया, हिन्दू ध्वज का अपमान किया गया। भुनेश्वर साहू की हत्या हुई। पिछले 5 वर्षों में कवर्धा ने क्या-क्या नहीं देखा, लेकिन कवर्धा की जनता ने भी बता दिया कि जीत हमेशा सत्य की होती है, सनातन की ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

राजनांदगांव लोकसभा के लिए चुनावी शंखनाद हो गया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरदार पटेल मैदान में लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में सभा को संबोधित किया। डा. मोहन यादव ने कहा कि 15 वर्षों तक पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ को संवारने का काम किया पर कांग्रेस ने सब खराब कर दिया। कांग्रेस ने कोयला, रेत, गोबर, चावल का घोटाला तो किया ही, आदमी का ईमान भी खा गए। वहीं श्री साय ने कहा कि भूपेश बघेल को इस तरह हराना है कि फिर राजनांदगांव की तरफ देखे भी नहीं। डॉ. यादव ने कहा कि ▶▶|शेष पेज 7 पर

# पीएम मोदी की कल कोंडागांव के छोटे आमवाल में आमसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- दूसरे चरण के लिए एक और सभा धमतरी में भी कराने की तैयारी

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं कराने की रणनीति तैयार की है। इस कड़ी में सबसे बड़ी आमसभा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोमवार को कोंडागांव के भानपुरी के गांव छोटे आमवाल में 12 बजे में होगी। इसको लेकर भाजपा लगातार तैयारी कर रही है। प्रदेश का भाजपा संगठन प्रधानमंत्री की प्रदेश में पांच सभाएं चाहता है, लेकिन पीएमओ से कितनी सभाओं को मंजूरी मिलती है, सब कुछ उस पर निर्भर है। फिलहाल तो बस्तर लोकसभा चुनाव के लिए एक सभा की मंजूरी मिली है। दूसरे चरण के ▶▶|शेष पेज 7 पर

# नवजात की तस्करी, एक बच्चे की कीमत पांच लाख, जांच के घेरे में कई अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीबीआई ने नवजात बच्चों की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। इस मामले दिल्ली में कई अस्पतालों पर छापेमारी की गई और तीन नवजात बच्चों को बचाया। इन बच्चों को दिल्ली के केशवपुरम इलाके से बचाया गया है। नवजात शिशुओं को खरीदकर काले बाजार में वस्तुओं के रूप में पांच लाख रुपए में बेचा जा रहा था। गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल सीबीआई इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### दिल्ली में बच्चे चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, सात आरोपी धरे गए



- सीबीआई ने की बड़ी कार्रवाई, दो शिशुओं को बचाया गया

### ऐसे होती थी बच्चों की खरीदी-बिक्री

गिरोह के लोग वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ 'सरोगेट' माताओं से भी बच्चे खरीदते थे। उसके बाद शिशुओं को चार से छह लाख रुपए प्रति बच्चे की कीमत पर बेचते थे। नकद और अन्य दस्तावेज जब्त किए।

## अंदरूनी इलाकों में नहीं पहुंच पा रहे प्रत्याशी और पदाधिकारी

# बस्तर में खौफ, प्रचार करने के लिए नेताओं का इंकार!

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

**अलग खबर**

लोकसभा चुनाव के लिए प्रथम चरण का मतदान बस्तर में 19 अप्रैल को होना है। मतदान के लिए कुछ ही दिन बचे हैं, लेकिन नेताओं में दहशत का आलम यह है कि प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी अभी तक नक्सल प्रभावित ▶▶|शेष पेज 7 पर









### मुख्यालय तक ही प्रचार के लिए जा सकेंगे

बीजापुर कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर का कहना है कि प्रत्याशी कवासी लखमा का एक बार इलाके में दौरा हो चुका है, लेकिन कुटरू, आवापल्ली, चेरपाल, रेड्डी, बासागुड़ा व गंगालूर इलाके में प्रत्याशी नहीं पहुंच पाए हैं। हालांकि आने वाले दिनों में उनका कार्यक्रम तय किया जा रहा है, लेकिन ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सावधानी से चुनाव के लिए प्रचार कर रहे

सर्वाधिक नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के भाजपा अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार का कहना है कि पूरी सावधानी से चुनाव के लिए प्रचार कर रहे हैं। बीजेपी प्रत्याशी महेश कश्यप जिले के भैरमगढ़ व बीजापुर मुख्यालय का दौरा कर चुके हैं, लेकिन अभी भी उसूर व भोपालपटनम ब्लाक मुख्यालय तक भी नहीं पहुंच सके है। आने वाले दिनों में ▶▶|शेष पेज 7 पर


D Y PATIL
DEEMED TO BE UNIVERSITY
NAVI MUMBAI

A state-of-the-art campus designed to offer world class Infrastructure to help students excel in the field of Education, Healthcare and Sports.

PROGRAMS OFFERED

- **Vijay Patil School of Management** BBA/MBA
- **School of Public Health** Bachelor's in Public Health; Master's in Public Health (MPH); Executive MPH; Master's in Public Policy (MPP)
- **School of Languages** BA in English Language; BA in Spanish Language; BA in German Language; BA in French Language; BA in Japanese Language; BA in Chinese Language; BA in Sanskrit Language
- **B.Sc Environment Studies**
- **School of Engineering ( RAIT )** B.Tech/M.Tech/MBA.Tech/Ph.D
- **School of Architecture** B.Arch/M.Arch
- **Center for Interdisciplinary Research**
- **School of Law** BA.LLB/B.Com LLB/LLB
- **School of Physiotherapy** BPT/MPT
- **School of Pharmacy** B.Pharm/D.Pharm
- **School of Sports, Exercise & Nutrition Sciences** Bachelor of Sports Science (BSS); Master of Sports Science (MSS)
- **School of Medicine** MBBS/MD/MS / DM / M.Ch / Fellowships
- **School of Dentistry** B.D.S/M.D.S
- **School of Ayurveda** BAMS/M.D/M.S
- **School of Creative Studies** B.A. in Business Communication & Media Studies; B.A. in Performing Arts; B.Sc. in Product Designing; B.Sc. in Fashion & Apparel Studies; B.Sc. in Interior Designing; B.Sc. in Multimedia, Animation & VFX; B.Sc. in Jewellery & Accessories Studies
- **B.Sc. in Forensic Sciences**
- **School of Yoga & Naturopathy** Bachelor of Arts in Yoga.; Bachelors of Naturopathy & Yogic Science (BNYS); Masters of Arts in Yoga.; Masters of Arts in Yoga & Naturopathy.
- **Center for Innovation & Incubation**
- **School of Hospitality & Tourism Studies** B.Sc Hospitality/B.Sc Culinary Studies/ B.Sc Event Studies/B.Sc. in Cruiseline /M.Sc Tourism
- **School of Nursing** B.Sc Nursing/M.Sc Nursing/Ph.D Nursing
- **School of Allied Health Sciences** B.Sc/M.Sc
- **School of Occupational Therapy** BOT

72 ACRE CAMPUS | 30+ DIVERSE INSTITUTIONS | 100k+ ALUMNI



NAAC A++ | Recognized by UGC | edX | Massachusetts Institute of Technology

Address : DY Patil Deemed to be University
Nerul (East), Sector 7, Navi Mumbai, 400706.
Email - admission.office@dypatil.edu Website - www.dypatil.edu

+91 8431114455
+91 9820197743

**देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। चुनाव में अपनी जीत पक्की करने के लिए सभी पार्टियां कमर कस चुकी हैं। कांग्रेस, भाजपा से लेकर सभी छोटी बड़ी पार्टियों ने जनता के बीच वादे भी करने शुरू कर दिए हैं। लोकलुभावन घोषणा पत्र भी पार्टियों के आने लगे हैं। कांग्रेस ने भी अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' का वादा किया है। कांग्रेस ने 48 पन्नों के 'न्याय-पत्र' में जो 344 चुनावी वादे किए हैं, वे सिर्फ राजनीतिक विरोध के प्रतीक-चिह्न हैं। कांग्रेस का घोषणा-पत्र प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की नीतियों और फैसलों का 'विरोध-पत्र' है। कांग्रेस ने 'न्याय' के तहत हिस्सेदारी, किसान, श्रमिक, युवा, नारी, आर्थिक, राज्य, रक्षा, पर्यावरण और संवैधानिक न्यायों की बात कही गई है। यानी कांग्रेस मान रही है कि देश लगातार 'अन्याय' के साथ जीता रहा है। अच्छा है कि खुद कांग्रेस स्वीकार रही है कि उसकी सरकारों के दौरान भी अन्याय किए गए। अब अहम सवाल यह है कि कांग्रेस जो वादे कर रही है उनको किस तरह से पूरा करेगी और उनके लिए धन कहां से आएगा, इन्ही पहलुओं पर विचार करता आजकल का यह अंक...**



# कांग्रेस की गारंटी या विरोध पत्र



**विश्लेषण**

सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

**कांग्रेस ने जो चुनावी घोषणा-पत्र जारी किया है वह केवल प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की नीतियों का विरोध-मात्र है। एक बानगी ही पर्याप्त है कि कांग्रेस सरकार आई, तो वह 'नीति आयोग' का नाम पलट कर 'योजना आयोग' कर देगी। कांग्रेस की सोच में कुछ भी मौलिकता और नयापन नहीं है। यहां तक कि सरकारी कर्मचारियों की 'पुरानी पेंशन स्कीम' (ओपीएस) ने हिमाचल, कर्नाटक, तेलंगाना राज्यों में कांग्रेस की सरकारें बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी ओपीएस कांग्रेस का बुनियादी चुनावी मुद्दा था, लेकिन 'न्याय पत्र, 2024' में वह गायब है। धनशोधन निरोधक अधिनियम' (पीएमएलए) को ही रद करने का विचार कांग्रेस में उभरा था।**

कांग्रेस ने 48 पन्नों के 'न्याय-पत्र' में जो 344 चुनावी वादे किए हैं, वे सिर्फ राजनीतिक विरोध के प्रतीक-चिह्न हैं। कांग्रेस का घोषणा-पत्र प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की नीतियों और फैसलों का 'विरोध-पत्र' है। एक बानगी ही पर्याप्त है कि कांग्रेस सरकार आई, तो वह 'नीति आयोग' का नाम पलट कर 'योजना आयोग' कर देगी। कांग्रेस की सोच में कुछ भी मौलिकता और नयापन नहीं है। यहां तक कि सरकारी कर्मचारियों की 'पुरानी पेंशन स्कीम' (ओपीएस) ने हिमाचल, कर्नाटक, तेलंगाना राज्यों में कांग्रेस की सरकारें बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी ओपीएस कांग्रेस का बुनियादी चुनावी मुद्दा था, लेकिन 'न्याय पत्र, 2024' में वह गायब है। धनशोधन निरोधक अधिनियम' (पीएमएलए) को ही रद करने का विचार कांग्रेस में उभरा था। शायद आज की कांग्रेस को जानकारी नहीं है कि 2009 में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान ही पीएमएलए में 'आपराधिक साजिश' की धारा 120-बी को जोड़ा गया था, लिहाजा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) साजिश के किसी भी मामले में दख़ल देने में सक्षम हो गया। यह दीगर है कि 2015 और 2019 में मोदी सरकार ने पीएमएलए को अधिक व्यापक और कठोर कानून बना दिया। आजकल ज्यादातर विपक्षी नेता ईडी के छापों और कानूनी कार्रवाई से संत्रस्त हैं, लिहाजा कांग्रेस पीएमएलए में संशोधन करेगी, ताकि ईडी के दुरुपयोग को रोका जा सके। 'न्याय-पत्र' मौजूदा कानूनों और प्रावधानों के खिलाफ विरोध की प्रतिक्रिया का एक दस्तावेज है। आखिर कांग्रेस ने बहुसंख्यकवाद, यानी हिन्दुओं, के खिलाफ और अल्पसंख्यकों के लिए प्रतिबद्धता की घोषणा क्यों की है? क्या यही कांग्रेस की राजनीतिक और सांप्रदायिक मंशा है?

## न्याय और गारंटी

कांग्रेस ने 10 'न्याय' और 25 गारंटियों की घोषणा की है। 'न्याय' के तहत हिस्सेदारी, किसान, श्रमिक, युवा, नारी, आर्थिक, राज्य, रक्षा, पर्यावरण और संवैधानिक न्यायों की बात कही गई है। यानी कांग्रेस मान रही है कि देश लगातार 'अन्याय' के साथ जीता रहा है। कांग्रेस की सरकार केंद्र में आई, तो सभी प्रमुख 'न्याय' लोगों को मुहैया कराए जाएंगे। दरअसल कांग्रेस ने देश पर 55 साल से अधिक समय तक शासन किया है। पिछली सरकार मई, 2004 से मई, 2014 के दौरान 10 साल तक रही। अच्छा है कि खुद कांग्रेस स्वीकार रही है कि उसकी सरकारों के दौरान भी अन्याय किए गए। अब कांग्रेस ने कुछ ऐसी घोषणाएं की हैं, जिनके जरिये वह कई स्तरों पर 'न्याय' कर सकती है। मसलन-30 लाख सरकारी नौकरी के पदों पर भर्तियां की जाएंगी। हर गरीब परिवार को बिना शर्त 1 लाख रुपये सालाना दिए जाएंगे। इस योजना का नाम 'महालक्ष्मी' रखा गया है और यह राशि घर की सबसे




बुजुर्ग महिला को दी जाएगी। स्वास्थ्य बीमा 25 लाख रुपये का किया जाएगा। मनरेगा की दिहाड़ी 400 रुपये रोज़ाना की होगी। 25 साल से कम उम्र वाले स्नातक और डिप्लोमाधारी युवाओं को ट्रेनी की पहली नौकरी सुनिश्चित की जाएगी। उस अवधि के दौरान एक लाख रुपये का मानदेय भी दिया जाएगा। नौकरी के लिए आवेदन की कोई फीस नहीं देनी पड़ेगी और पेपर लीक से मुक्ति भी दिलाई जाएगी। यह 'न्याय' भी किया जाएगा कि 'अग्निवीर' योजना बंद की जाएगी। अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी आदि के आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी को बढ़ाया जाएगा। केंद्र की 50 फीसदी नौकरियां महिलाओं को ही दी जाएंगी। संसद और विधानसभाओं में 33 फीसदी महिला आरक्षण का कानून 2025 से ही लागू किया जाएगा।

## जांचों का सिलसिला

चूंकि प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में 'नोटबंदी' लागू की थी, लिहाजा कांग्रेस की सरकार आई, तो उसकी जांच कराई जाएगी। जिन चुनावी बॉन्ड को सर्वोच्च अदालत ने 'असंवैधानिक' करार दिया है, उसकी भी जांच कराई जाएगी। कांग्रेस फ्रांस सरकार के साथ राफेल लड़ाकू विमान सौदे की जांच कराना 'न्याय' मान रही है, लेकिन अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर सौदे, पनडुब्बी सौदे, सैन्य ट्रक घोटाले, कोयला खदान, 2जी स्पेक्ट्रम, राष्ट्रमंडल खेल घोटालों की जांच क्यों नहीं कराना चाहती? ये 15 लाख करोड़ रुपये के घोटाले आरोपित हैं। क्या इनकी नए सिरे से जांच 'न्यायिक' नहीं होगी? यह भी घोषणा की गई है कि जो नेता कांग्रेस या विपक्ष के अन्य दल को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं, उनके खिलाफ ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग की जांच दोबारा शुरू कराई जाएगी। एक अनुमान के मुताबिक, कांग्रेस समेत विपक्ष से टूटकर 80,000 से अधिक नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो चुके हैं। भाजपा का कुल लक्ष्य 1 लाख बताया जा रहा है। करीब 17,000 कार्यकर्ता और नेताओं ने अकेले मध्यप्रदेश में ही कांग्रेस को छोड़ा है। आखिर किस-किस की जांच कांग्रेस करवाएगी? कांग्रेस ने साफ़ कर दिया है कि देश में 'एक चुनाव' की व्यवस्था कभी लागू नहीं की जाएगी। 'नागरिकता संशोधन कानून' (सीएए) समेत कुछ और विवादित कानूनों को भी रद किया जाएगा। मोदी सरकार ने आईपीसी, सीआरपीसी, साक्ष्य कानूनों के स्थान पर जो नई 'भारतीय न्याय संहिता' लागू की है, उसे भी रद किया जाएगा। कांग्रेस जीएसटी परिषद का पुनर्गठन भी 'न्याय' मानती है, जबकि यह कानून संसद से ही पारित हुआ था। कांग्रेस मोदी सरकार की संघवादी शिक्षा नीति की भी समीक्षा करेगी।

## विरोधाभासी न्याय

दलबदल निरोधक कानून और किसानों के लिए 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (एमएसपी) दो विरोधाभासी न्याय साबित हो सकते हैं। दलबदल कानून राजीव गांधी के प्रधानमंत्री काल में लागू किया था। बाद में वाजपेयी सरकार के दौरान तत्कालीन कानून मंत्री अरुण जेटली ने इसे ज्यादा कड़ा कानून बना दिया था। आज़ाद भारत में सबसे अधिक दलबदल 1967-71 के दौरान किए गए, जब इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थीं। सबसे अधिक सरकारें भी उसी कालखंड में गिराई गईं। अब कांग्रेस संविधान की 10वीं अनुसूची में संशोधन कर 'न्याय' पेश करना चाहती है। उसका वादा है कि विधानसभा या संसद में जैसे ही कोई प्रतिनिधि दलबदल करता है, वह स्वतः ही 'अयोग्य' हो जाना चाहिए। बेशक यह संविधान संशोधन संसद में ही दो-तिहाई बहुमत से पारित कराना पड़ेगा। फिलहाल कांग्रेस के पक्ष में ऐसे जनादेश के आसार तक नहीं हैं। कांग्रेस ने 'न्याय' के तहत किसानों की फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी और कर्जमाफी की घोषणा की है। डॉ. स्वामीनाथन आयोग ने अपनी सभी रपटें 2006 में ही भारत सरकार को सौंप दी थी। तब कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार केंद्र में थी। मई, 2014 तक एमएसपी पर एक भी कदम नहीं उठाया गया। एमएसपी की शुरुआत 1966-67 में की गई थी और तब भी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं। देश में खाद्य संकट का दौर था। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए एमएसपी की घोषणा की गई थी, लेकिन इतने लंबे अंतराल के बाद अब मोदी सरकार को एमएसपी के लिए 'खलनायक' करार दिया जा रहा है। यदि कांग्रेस के 'न्याय' पर ही भरोसा करें, तो यकीन कौन दिलाएगा कि एमएसपी की कानूनी गारंटी लागू कर ही दी जाएगी?

## लोकतंत्र अभी जिंदा

चूंकि कांग्रेस ने अपना 'न्याय-पत्र' जारी किया है और वह देश के करीब 97 करोड़ मतदाताओं को आश्वस्त कर रही है। यानी लोकतंत्र अब भी जिंदा है। दूसरी तरफ पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी 2024 के आम चुनाव को संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव मान रहे हैं। यह कैसा विरोधाभास है? चुनाव आयोग को गालियां भी दी जा रही हैं, फिर भी मतदान ईवीएम के जरिये ही होगा। अलबत्ता वीवीपैट पर्चियों का मिलान किया जाएगा, यह आयोग द्वारा निर्धारित व्यवस्था है ही। कांग्रेस अक्सर 45 सालों के दौरान की सर्वाधिक बेरोज़गारी और अत्यधिक महंगाई को लेकर प्रलाप करती रही है। बेशक ये विसंगतियां देश में हैं, लेकिन देश को याद रखना होगा कि कांग्रेस राज में 26 फीसदी तक महंगाई रही है, जो आज 5-6 फीसदी के करीब है। यूपीए सरकार में ही मुद्रास्फीति की दर 12-14 फीसदी तक रही थी। दोनों स्थितियों से मोदी सरकार लड़ रही है, लोगों को राहत भी दी है, करोड़ों के मुद्रा लोन भी मुहैया कराए हैं, 81 करोड़ से अधिक भारतीयों को 'मुफ्त अनाज' बांटा जा रहा है। यही कारण है कि महंगाई और बेरोज़गारी की चरम स्थितियां होने के बावजूद बार-बार जनादेश भाजपा के पक्ष में रहता है।

अब भी चुनावी हवाएं प्रधानमंत्री मोदी के ही पक्ष में हैं। कांग्रेस ने 'न्याय' के नाम पर जो आश्वासन परोसे हैं, यदि उसकी सरकार भी आती है, तो उन्हें लागू करना टेढ़ी खीर होगी। देश में किसी की भी सरकार हो, लेकिन कोई भी लोकतंत्र और संविधान से बढ़कर नहीं हो सकता। संविधान है, तो मजबूत न्यायपालिका भी है। राहुल गांधी कुछ भी कहते रहें, यह देश उन्हें गंभीरता से कब ग्रहण करेगा, उस दिन का इंतज़ार रहेगा।

# कांग्रेस ने खोला वादों का पिटारा



**घोषणा पत्र**

उमेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

चुनाव घोषणा पत्र जारी करने में देश की सबसे पुरानी पार्टी बाजी मारने में कामयाब रही है। जैसा कि अक्सर होता है, चुनाव घोषणा पत्र राजनीतिक दल का भावी शासन का रोडमैप होता है। कांग्रेस ने इस रोड मैप को हाल के दिनों में अख्तियार किए दो शब्दों 'न्याय' और 'गारंटी' के इर्द-गिर्द ही केंद्रित किया है, लेकिन इस रोडमैप को मोटे तौर पर देखें तो वह कुछ मुद्दों पर अपनी पुरानी गलतियों को दुरुस्त करती दिख रही है, तो कई बार वह नेहरूवादी समाजवाद की ओर बढ़ती नजर आ रही है तो कई मुद्दों पर राहुल-प्रियंका के वामपंथी सलाहकारों का असर नजर आ रहा है।

## सवाल उठते हैं

कांग्रेस इन दिनों जिस तरह न्याय और गारंटी पर जोर दे रही है, उससे कुछ सवाल जरूर उठते हैं। देश की आजादी का 77वां साल चल रहा है। इतने दिनों में पचपन साल तक उसका ही शासन रहा है। जाहिर है कि आजाद भारत के दो तिहाई हिस्से पर कांग्रेस का ही शासन रहा है। इसके बावजूद वह लोगों को न्याय दिलाने का वादा करती है, गारंटियां देने की बात करती है तो यह सवाल जरूर उठेगा कि कांग्रेस क्या अपने शासनकाल में लोगों को न्याय नहीं दे पाई या फिर वह पहले गारंटी नहीं दे पाई। जाहिर है कि जब ये सवाल उठेंगे तो कांग्रेस और उसके समर्थक जवाब में कह सकते हैं कि पार्टी का न्याय और गारंटियों का वादा भाजपा शासन काल के दौरान हुए अन्याय और अनदेखी का जवाब है, लेकिन कांग्रेस के घोषणा पत्र को गौर से देखेंगे तो पता चलेगा कि पार्टी कुछ ऐसे मुद्दों पर अपनी गलती को सुधार करती दिख रही है, जिन्हें राष्ट्रवादी राजनीति के मुद्दे माना जाता है। आर्थिक सुधार प्रक्रिया के तहत नई पेंशन योजना को स्वीकार करना और समान नागरिक संहिता को स्वीकार करना राष्ट्रवादी राजनीति के ही मुद्दे हैं, लेकिन कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में इन दोनों अहम मुद्दों पर चुप्पी साध ली गई है। कांग्रेस के घोषणा पत्र को जारी करते हुए घोषणा पत्र समिति के प्रमुख पी चिदंबरम ने बड़े जोर देकर कहा कि कांग्रेस की सरकार बनेगी तो वह सिर्फ नौकरी, नौकरी और नौकरी ही देगी। चुनाव घोषणा पत्र में बेरोजगारी को बड़ा मुद्दा बनाते हुए सरकारी दफ्तरों और सार्वजनिक निगमों में खाली पड़े तीस लाख पदों को भरने का वादा किया गया है। पार्टी खुद ही अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के एक सर्वे आंकड़े का हवाला देते हुए कहती है कि देश के पच्चीस साल तक की उम्र वाले युवाओं में से 42 फीसदी बेरोजगार हैं। अगर इसी आंकड़े पर भरोसा करें तो यह संख्या करोड़ों में होगी। कांग्रेस सिर्फ तीस लाख सरकारी पदों को भरने का स्पष्ट वादा तो कर रही है, लेकिन शेष युवाओं का क्या होगा, पार्टी इस पर मौन है। हां, वह तकनीकी शिक्षा ले चुके युवाओं के लिए एक साल के लिए अप्रेंटिसशिप का वादा जरूर कर रही है, जिसमें एक लाख सालाना मिलेंगे। इस रकम का आधा हिस्सा सरकारें वहन करेंगी। यूपीए एक के शासन के दौरान पार्टी ने मनरेगा की शुरूआत की थी। इसे पार्टी अपना बेहतरीन कदम मानती है। घोषणा पत्र में इसकी चर्चा नहीं होती तो आश्चर्य होता। पार्टी ने मनरेगा की मजूदरी 400 रुपये तक बढ़ाने का वादा कर रही है। इसे संयोग कहें या कुछ और कि प्रवक्ता गौरव बल्लभ और धाकड़ सांसद




रहे संजय निरूपम ने पार्टी छोड़ी, उसके ठीक बाद ही कांग्रेस ने अपने महत्वाकांक्षी घोषणा पत्र को जारी किया। घोषणा पत्र एक या दो दिन में नहीं तैयार किए जाते हैं, इसलिए यह उम्मीद करना कि चुनाव घोषणा पत्र में कुछ ऐसा होगा, जिसके जरिये पार्टी अपने यहां मची भगदड़ को रोकने या उसे संबोधित करने की कोशिश करेगी। संजय निरूपम ने पार्टी छोड़ते वक्त आरोप लगाया था कि कांग्रेस इन दिनों वामपंथी विचारधारा के प्रभाव में ज्यादा है। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के आधार पर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का वादा भी वामपंथी वैचारिकता का ही विस्तार है। जाति जनगणना की भी बात वाम वैचारिकी की ही देन है।

## वाम वैचारिकी

कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में संस्थानों की स्वायत्तता पर भी एक तरह से सवाल खड़ा किया है। इसमें चुनाव आयोग और न्यायपालिका शामिल है। यह सोच भी वाम वैचारिकी की ही है। कांग्रेस ने जहां चुनाव आयोग को स्वायत्त बनाने का वादा किया है, वहीं न्यायपालिका में वंचित तबकों को बढ़ावा देने के साथ ही न्यायिक नियुक्ति आयोग बनाने का भी वादा किया है। मीडिया को भी स्वायत्त बनाने की भी बात कही गई है। माना जा रहा है कि इसके जरिये पार्टी ने मीडिया में कार्यरत लोगों के समर्थन की उम्मीद रखी है।

## पांच न्याय

अब बात करते हैं, कांग्रेस के पांच न्याय की। पार्टी ने जिन न्याय की बात की है, उसमें पहला है युवा न्याय। इस गारंटी के तहत 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है। दूसरे नंबर पर पार्टी ने हिस्सेदारी न्याय की चर्चा की है, जिसके तहत जाति जनगणना कराने की 'गारंटी' दी गई है। तीसरे नंबर पर किसान न्याय की चर्चा की गई है, जिसके तहत कांग्रेस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने के साथ ही किसानों की कर्ज माफी के लिए आयोग के गठन के साथ-साथ जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है। चौथे नंबर पर पार्टी ने श्रमिक न्याय की बात की गई है। पार्टी ने इसके तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार, मनरेगा की न्यूनतम मजूदरी 400 रुपये रोजाना करने के साथ ही शहरी रोजगार गारंटी का वादा किया गया है। पांचवां न्याय है नारी न्याय। इसके तहत कांग्रेस ने 'महालक्ष्मी' गारंटी देने का वादा किया है। इसमें गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपये सालाना देने समेत कई वादे किए गए हैं। इसके साथ ही गरीब परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख की मदद का भी ऐलान किया गया है।

## घोषणा पत्र के वादे

पार्टी के घोषणा पत्र के कुछ प्रमुख वादों पर निगाह डाल लेते हैं। पार्टी ने कहा है कि अगर उसकी सरकार बनी तो वह महिलाओं को 6 हजार रुपये प्रति माह देगी। इसके साथ ही उन्हें केंद्र सरकार की नौकरियों में एक तिहाई आरक्षण देने का भी वादा किया गया है। पार्टी ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में महिला जजों की संख्या बढ़ाने का भी वादा किया है। पार्टी अपनी हर चुनावी सभा में महंगाई का हवाला देती है। इसे ध्यान में रखते हुए पार्टी ने गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती का भी वादा किया है। पार्टी ने संवैधानिक न्याय और आर्थिक न्याय का भी वादा किया है। घोषणा पत्र में देश की रक्षा करने वाली विदेश नीति पर काम करने की बात की गई है। मछुआरों के लिए डीजल सब्सिडी दे के साथ ही अगले 10 वर्षों में देश की जीडीपी को दोगुना करने का लक्ष्य भी रखा गया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में मॉब लिंचिंग, बुलडोजर न्याय और फर्जी मुठभेड़ जैसे कदमों का विरोध किया है।

## वादों पर भरोसा

हाल में हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी ने ऐसे ही कुछ वादे किए थे, लेकिन तेलंगाना छोड़ उसे कहीं समर्थन नहीं मिल पाया। ऐसे में देखना होगा कि चुनावी रण में जनता उसके इन वादों पर कितना भरोसा कर पाती है?

# तय हो राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी



**दो टूक**

रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार

दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश कहलाए जाने वाले भारत में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। इस चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी पार्टियां अपने-अपने चुनावी वादों के साथ मैदान में उतर चुकी हैं। प्रचार के दौरान कांग्रेस, भाजपा से लेकर सभी छोटी बड़ी पार्टियों ने जनता के बीच कई वादे भी करने शुरू कर दिए हैं। लोकलुभावन घोषणा पत्र भी पार्टियों के आने लगे हैं। कांग्रेस ने भी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र में पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' का वादा किया है। घोषणा पत्र में कई तबकों के लिए अलग-अलग तरह की गारंटी दी गई हैं। पार्टी ने घोषणा पत्र में युवा, किसान, महिला, बुजुर्ग, कारोबारी और अन्य दूसरे वर्गों पर भी फोकस किया है। इन सभी के लिए कई तरह के वादे किए गए हैं। गौर करने वाली बात ये है कि 'न्याय' शब्द का इस्तेमाल कांग्रेस ने 2019 के घोषणा पत्र में भी किया था। पिछले चुनाव में वेलफेयर योजना के तहत कांग्रेस ने 'न्यूनतम न्याय योजना' का वादा किया था, पर इस बार के न्याय पत्र में ये वाला 'न्याय' नहीं है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में एक और बात गौर करने लायक है। उसने कई राज्यों में ओल्ड पेंशन स्कीम को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ा। लंबे समय से राहुल गांधी भी ओपीएस की तरफदारी करते रहे हैं, लेकिन लोकसभा के लिए जारी हुए घोषणा पत्र में कांग्रेस ने ओपीएस का जिक्र तक नहीं किया है। खैर, ऐसे कई वादे हैं जो पिछली बार किए गए थे, लेकिन इस बार के घोषणा पत्र में नहीं हैं। कई नए वादे भी हैं जो पिछली बार से अलग हैं।

## शानदार भारत

हालांकि, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पार्टी के इस घोषणा पत्र में भविष्य के शानदार भारत की तस्वीर नजर आती है। वहीं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी का घोषणा पत्र जनता की आवाज है। ये घोषणा पत्र कांग्रेस पार्टी ने नहीं बनाया, ये घोषणा पत्र हिंदुस्तान की जनता ने बनाया है। हमने सिर्फ इसको लिखा है, तो दूसरी तरफ बीजेपी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को 'झूठ का पुलिंदा' करार दिया है। अहम सवाल ये नहीं है कि किसने क्या कहा। सवाल महत्वपूर्ण ये है कि कांग्रेस के इस घोषणा पत्र का आम जनता पर असर कितना होगा? क्योंकि इस घोषणा पत्र के पैग़ाम को लोगों तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस के पास पर्याप्त कार्यकर्ता नहीं हैं। दूसरी ओर भाजपा एक काडर वाली पार्टी है। वो अपनी पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ती। कांग्रेस के कार्यकर्ता कितने सक्षम हैं और वो लोगों तक पार्टी के पैग़ाम को ले जा सकेंगे ये देखना



होगा। इसके अलावा सबसे बड़ी चुनौती राहुल गांधी और उनकी पार्टी के लिए ये है कि क्या वो हिंदी बेल्ट में इस अच्छे मैनिफ़ेस्टो के पैग़ाम को लोगों तक पहुंचाने में सफल होंगे? कांग्रेस के लिए ये एक बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि हिन्दी बेल्ट के किसी राज्य में कांग्रेस पार्टी की सरकार नहीं है। अपवादस्वरूप हिमाचल प्रदेश को छोड़कर।

## वादे कैसे पूरा करेंगे

बहरहाल, चुनावी मौसम में इन दिनों हर जगह सभी पार्टियों के बड़े-बड़े नेता गला फाड़कर चिल्ला रहे हैं कि हम आपके लिए ये करेंगे, वो करेंगे। किसी पार्टी से सरोकार न रखने वाले हम जैसे लोगों को ये समझ नहीं आ रहा कि आखिर पार्टियां इन वादों को कैसे पूरा करेंगी। अगर हम एक बार के लिए ये मान भी लें कि राजनीतिक पार्टियों की मंशा साफ है और वह सत्ता में आने के बाद अपने वादों को पूरा करेंगी तो आखिर पैसा आएगा कहां से। ये हम जैसे लोगों के समझ से परे हैं। मेरा सिर्फ इतना मानना है कि राजनीतिक दल सोच समझ कर जनता से वादे करें। ये ठीक है कि राजनीतिक दलों को सत्ता में वापसी की कोशिश हो या सत्ता हासिल करने की कोशिश हो दोनों के लिए ही मतदाताओं को लुभाना जरूरी होता है। आजकल अधिकांश नेता यही मानकर चल रहे हैं कि लोकलुभावन घोषणाओं से लोगों को आकर्षित करो ताकि लोग उनके उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करें, बाकी बात बाद में देखी जाएगी। ऐसा देखा गया है कि कई पार्टियां मेनिफेस्टो में बड़े-बड़े ऐलान करती हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद वो किए हुए वादों को निभाने में 100 प्रतिशत सफल नहीं हो पाती। आम लोगों का मानना है कि पार्टियां वादे करते समय इस बात का ध्यान नहीं रख रहीं कि वे कैसे उन वादों को पूरा करेंगी, उनकी कोशिश सिर्फ यही रहती है कि हमारे वादे दूसरी पार्टियों के मुकाबले ज्यादा आकर्षक हों। यही कारण है कि सारी पार्टियां किसानों की कर्ज माफी से लेकर बेरोजगारी भत्ते जैसे बड़े-बड़े वादे कर रही हैं। ये ठीक है कि राजनीतिक दलों को चुनावी वादे करने से रोका नहीं जा सकता है, लेकिन मतदाता को भी ये जानने का हक है कि उनसे किए गए वादे पूरे कैसे किए जाएंगे। उन वादों को पूरा करने के लिए फंड कहां से आएगा।

## महत्वपूर्ण प्रश्न

चुनावी घोषणा पत्र के वादों को पूरा करने के लिए पार्टियों को धन कहां से आएगा, यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। चुनावी घोषणा पत्र और पार्टियों को उसमें दिए वादों को पूरा करने का मामला एक से ज्यादा बार अदालत पहुंचा है। साल 2015 में सुप्रीम कोर्ट में इसी मामले पर वकील मिथिलेश कुमार पांडे ने जनहित याचिका दायर की थी। हालांकि याचिका को मुख्य न्यायाधीश एचएल दत्तू और न्यायमूर्ति अमिताव रॉय की पीठ ने यह कहकर खारिज कर दिया कि क्या कानून में कोई प्रावधान है जो घोषणा पत्र में किए गए वादों को किसी राजनीतिक दल के खिलाफ लागू करने योग्य बनाता है? इसका निष्कर्ष ये था कि चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा करने के लिए पार्टी कानूनी रूप से बाध्य नहीं है। खैर, मेरा मानना है कि जनता को लुभाने और चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा झूठी घोषणाएं करना बेहद गंभीर विषय है, जिस पर व्यापक चर्चा करना जरूरी है। कुछ राजनीतिक दलों ने झूठे वादों से जनादेश चोरी करने की महारत भी हासिल कर ली है। इसलिए अब समय आ गया है कि चुनावी वादों के साथ-साथ देश व प्रदेश का बजटीय आकलन भी घोषणा पत्र में प्रकाशित होना चाहिए, ताकि देश व प्रदेश के हर लाभार्थी व प्रबुद्ध नागरिक झूठी घोषणाओं और वादों के झांसे में आने से बच सकें।

# तरकश

संजय के दीक्षित

## खतरे में नेताजी का विकेट

छत्तीसगढ़ बनने के बाद एक बड़े नेता दिल्ली में जरूर ट्रेप हो गए थे मगर छत्तीसगढ़ में ऐसा कभी नहीं हुआ। मगर एक नेताजी ऐसे घनचक्कर में फंस गए हैं कि उनकी रात की नींद उड़ गई है। खबर ये है कि 250 करोड़ की सप्लाई में गड़बड़झाला को जिन लोगों ने लीक किया, वे ही लोग नेताजी को भी ट्रेप कर लिए। दरअसल, सप्लाई करने वाला नेताजी को सेट करने गया था कि भाई साब, देख लीजिए...हल्ला न हो और पेमेंट भी जारी हो जाए। मगर जिस बड़े सप्लायर ने इस स्कैम को लीक कराया, उसी ने नेताजी को फंसवा भी डाला...होटल के कमरे में उसी के लोगों ने पहले से कैमरे लगा दिए थे। अब सब कुछ ऑन कैमरा है, तो फिर क्या होगा? यह सवाल उसी तरह का है कि शेर सामने आ जाए तो...? जो करेगा शेर करेगा...अब देखना है लोकसभा चुनाव के बाद क्या होता है।

## कैबिनेट मंत्री

जब छत्तीसगढ़ नहीं बना था, तब केंद्र की राजनीति में छत्तीसगढ़ का दबदबा होता था। विद्याचरण शुक्ल 23 साल के उम्र में केंद्र में कैबिनेट मंत्री बन गए थे। हालांकि, उनसे अलावे पुरूषोतम कौशिक और बृजलाल वर्मा भी थोड़े दिनों के लिए केंद्र में कैबिनेट मंत्री रहे। मगर नाम कमाया विद्या भैया ने। ये कहने में कोई हर्ज नहीं कि विद्या भैया के नाम से छत्तीसगढ़ और रायपुर की देश में पहचान बनी। विद्या भैया ने छत्तीसगढ़ को दिया भी बहुत कुछ...कोलकाता से पहले रायपुर में दूरदर्शन केंद्र खुल गया था। रायपुर को काफी पहले हवाई नक्शे से जोड़ने का श्रेय भी उन्हें ही दिया जाता है। 1994 तक नरसिम्हा राव मंत्रिमंडल में विद्याचरण पावरफुल मंत्री रहे। लेकिन, नरसिम्हा राव सरकार के पतन के बाद छत्तीसगढ़ का केंद्रीय मंत्री का कोटा ही खतम हो गया। वो ऐसे कि नरसिम्हा राव सरकार के बाद कांग्रेस सत्ता से 10 साल बाहर रही। एचडी देवेगौड़ा और इंद्रकुमार गुजराल की सरकार में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधितव जीरो रहा। 1998 से 2004 तक अटलजी की सरकार में अलग-अलग समय में छत्तीसगढ़ से तीन राज्य मंत्री बनाए गए। रमन सिंह, दिलीप सिंह जूदेव और रमेश बैस। मनमोहन सिंह की दूसरी पारी के आखिरी दिनों में चरणदास महंत को केंद्रीय राज्य मंत्री बनने का मौका मिल पाया। 10 साल बाद 2004 में लौटी बीजेपी की सरकार ने विष्णुदेव साय और उनके बाद रेणुका सिंह को राज्य मंत्री बनाया। मगर केंद्र में राज्य मंत्री सिर्फ सहयोगी के तौर पर होते हैं। कह सकते हैं संख्या बल के लिए। जिम्मेदारी और जलवा पूरा कैबिनेट मंत्रियों का रहता है।

## सरोज पाण्डेय को मौका?

अब तीन दशक बाद इस बार छत्तीसगढ़ से केंद्रीय मंत्री बनने का योग दिख रहा है। कोरबा से अगर सरोज पाण्डेय जीत गई तो केंद्र में कैबिनेट मंत्री बनने की पूरी संभावना है। क्योंकि, सियासत में महिलाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़ रही है। बीजेपी में राष्ट्रीय स्तर पर निर्मला सीतारमण वित्त मंत्री हैं मगर वे मास लीडर नहीं हैं। सुषमा स्वराज के जाने के बाद दिल्ली में सिर्फ स्मृति ईरानी बच गई हैं। ऐसे में, सरोज पाण्डेय का चांस बन सकता है। सरोज चूकि सांसद रह चुकी हैं, विधायक और मेयर भी। महाराष्ट्र की पार्टी प्रभारी समेत राष्ट्रीय स्तर पर कई अहम दायित्व संभाल चुकी हैं। जाहिर है, उन्हें राज्य मंत्री तो नहीं ही बनाया जाएगा।

## यादवों का बड़ा नेता

कांग्रेस पार्टी ने भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव को बिलासपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। बताते हैं, देवेंद्र यादव को बिहार के नेता चंदन यादव का साथ मिला और राहुल गांधी के साथ पदयात्रा में साथ देने का ईनाम। मगर पैराशूट प्रत्याशी होने का नुकसान उन्हें यह हो रहा कि बिलासपुर में कांग्रेस नेताओं का साथ नहीं मिल रहा है। बिलासपुर के कांग्रेसी इसलिए खफा हैं कि कांग्रेस का गढ़ रहा बिलासपुर में पार्टी को लोकसभा चुनाव लड़ाने के लिए अदद एक प्रत्याशी नहीं दिखा। चलिये रिजल्ट क्या होगा यह देवेंद्र यादव को भी पता है और कांग्रेस के लोगों को भी। फायदा देवेंद्र को यह होगा कि वे छत्तीसगढ़ में यादवों के अब स्थापित नेता हो जाएंगे। और जांच एजेंसियां के निशाने पर आने से दो-एक महीने की उन्हें मोहलत मिल गई है।

## 5 निर्दलीय उम्मीदवार

ये बहुत कम लोगों का मालूम होगा कि बस्तर देश की पहली संसदीय सीट है, जहां के वोटरों ने पांच बार निर्दलीय को चुनाव जीता कर दिल्ली भेजा है। यहीं नहीं, 1952 के प्रथम लोकसभा चुनाव में मुचकी कोसा ने देश के सर्वाधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज किया था। मुचकी ने एक लाख 41 हजार मतों से कांग्रेस उम्मीवार को पराजित किया था।

## ऐसे भी कलेक्टर

लोकसभा चुनाव के आचार संहिता के दौरान कुछ कलेक्टरों ने तहसीलदारों का ट्रांसफर कर दिया। इसको लेकर सीईओ रीना बाबा कंगाले बेहद नाराज हुई। उन्होंने न केवल नोटिस थमाई बल्कि दो-एक कलेक्टरों को फोन पर फटकारा भी। बताते हैं, एक कलेक्टर का मासूमियत भरा जवाब सुन आयोग के अफसर भी सन्न रह गए। कलेक्टर ने कहा, मैं देखता हूं आचार संहिता में तहसीलदारों का ट्रांसफर कैसे हुआ और किसने किया? किसी कलेक्टर के लिए वाकई ये बड़ा शर्मनाक है कि उसे पता नहीं कि नाक के नीचे तहसीलदारों को बदल दिया गया और उसे पता ही नहीं चला। ऐसे कलेक्टरों के जिले में क्या हो रहा होगा, भगवान मालिक हैं।

## शिकायत कलेक्टरों की

ये भी कुछ अटपटा सा लग रहा कि बीजेपी की सरकार में बीजेपी नेता कलेक्टरों के खिलाफ शिकायत कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग में रायपुर के आसपास के चार-पांच जिलों के साथ ही एक माईनिंग डिस्ट्रिक्ट के कलेक्टर की गंभीर शिकायतें बीजेपी नेताओं ने की है। एक जिले में कांग्रेस के पोस्टर, बैनर हटाने को लेकर इतना रायता फैला कि चुनाव आयोग के अफसरों को देर रात तक जागकर उसे हैंडिल करना पड़ा। बीजेपी नेताओं नें इसकी शिकायत उच्च स्तर पर कर दी, इससे खलबली मच गई। बताते हैं, आचार संहिता नहीं होता तो कलेक्टर की छुट्टी हो गई होती। अब अगर अच्छे मार्जिन से बीजेपी प्रत्याशी की जीत वहां नहीं मिली तो लोकसभा चुनाव के बाद पहले आदेश में कलेक्टर का विकेट उड़ना तय है।

## चुनावी ड्यूटी और आईएएस

आईएएस अफसर सबसे अधिक इलेक्शन आब्जर्बर बनने से घबराते हैं। अधिकांश अफसरों की कोशिश होती है कि किसी तरह बच निकला जाए। यही वजह है कि हर बार दो-चार, पांच के नाम कट जाते हैं। मगर इस बार अभी तक दो ही अफसरों के नाम कटे हैं। एक तंबोली अय्यजा फकीरभाई और दूसरा सुधाकर खलको। तंबोली सेंट्रल डेपुटेशन पर दिल्ली चले गए हैं और सुधाकर खलको का एंजिया प्लास्टि हुआ है। इसलिए, सुधाकर के संबंध में चुनाव आयोग ने रिस्क लेना मुनासिब नहीं समझा। बाकी इस बार सिकरेट्री रैंक के अफसर अविनाश चंपावत भी चुनावी ड्यूटी में फंस गए। दरअसल, उनका नाम केंद्र सरकार से गया था। फरवरी तक वे दिल्ली में पोस्टेड थे। यहां ज्वाईन करने के बाद जीएडी ने लिस्ट से नाम हटाने आयोग को पत्र भेजा मगर उस पर सुनवाई नहीं हुई। हालांकि, पहली बार डायरेक्टर एग्रीकल्चर की भी चुनाव में ड्यूटी लग गई है। एग्रीकल्चर डायरेक्टर की पोस्टिंग के चलते जीएडी ने सारांश मित्तर का नाम हटाने आयोग को लेटर भेजा था, मगर आयोग राजी नहीं हुआ।

## राजनांदगांव सिरदर्द

राजनांदगांव संसदीय सीट सिर्फ कांग्रेस और बीजेपी के लिए चुनौती नहीं है, चुनाव आयोग के लिए भी सिरदर्द हो गया है। नामंकन दाखिल करने के आखिरी दिन 240 नामंकन फार्म लेने की खबर ने रायपुर सीईओ आफिस से लेकर भारत निर्वाचन आयोग तक को बेचैन कर दिया। इतनी बड़ी संख्या में कोई एक आदमी नामंकन दाखिल नहीं कर सकता। इसके पीछे कोई बड़ा हाथ होगा। आयोग के पास यह फीडबैक पहुंचा था कि कोई महिला विधायक सारे नामंकन भरवा रही है। इस पर तय यह हुआ कि विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाए। क्योंकि, कोई लोगों को गोलबंद करके नामंकन नहीं भरवा सकता। मगर शाम होते तक वो हो नहीं पाया जिसकी बड़ी चर्चा थी। राजनांदगांव में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के हेट स्पीच को लेकर भी आयोग ने सीईओ आफिस से रिपोर्ट मांगी और फिर कार्रवाई का आदेश दिया। सीईओ आफिस को उसे भी तामिल कराना पड़ा। जाहिर है, राजनांदगांव को लेकर आयोग को काफी मगजमारी करनी पड़ रही है।

## अंत में दो सवाल आपसे

1. ऐसा क्यों कहा जा रहा कि लोकसभा चुनाव के बाद मंत्रिमंडल के पुनर्गठन में तीन विधायकों को मंत्री बनने का अवसर मिलेगा?

2. क्या ये सही है कि आपसी सिर फुटौव्वल के चलते चार महीने पहले तक सरकार में रही कांग्रेस पार्टी की छत्तीसगढ़ में दुर्दशा हो रही है?

### कांग्रेस के बड़े नेता भी आएंगे, अभी तय नहीं हुई तारीख

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का भी बस्तर से चुनावी सभा का होगा आगाज

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए बस्तर में स्थानीय नेताओं ने प्रचार का जिम्मा संभाल लिया है। भाजपा-कांग्रेस ने चुनाव प्रचार का आगाज कर दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ के बस्तर से चुनावी शंखनाद करेंगे। दूसरी तरफ कांग्रेस भी अपने बड़े नेताओं की सभा बस्तर में ही सबसे पहले करेगी। जानकारी के मुताबिक आठ अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी बस्तर दौरे पर आ सकते हैं। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे या प्रियंका गांधी में से किसी एक को सबसे पहले बस्तर लाया जा सकता है। हालांकि कांग्रेस ने अभी तारीख तय नहीं की है।

बस्तर लोकसभा सीट भाजपा के लिए बहुत ही अहम है। बस्तर सीट की गिनती ऐसी सीटों में होती है, जहां भाजपा की स्थिति कमजोर है। 2019 में यहां से कांग्रेस के दीपक बैज सांसद बने। यहां कांग्रेस से कवासी लखमा और भाजपा से महेश कश्यप आमने-सामने हैं। बस्तर सीट में अपना कब्जा बनाए रखने कांग्रेस अपने स्थानीय नेताओं को यहां पर प्रचार के लिए उतार रही है। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, मोहन मरकाम और अन्य नेता यहां पर प्रचार संभालेंगे। बताया जाता है कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल, राज्य सभा सांसद फूलोदेवी नेताम यहां पर प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पहले चरण में 19 अप्रैल को बस्तर में मतदान होना है। यहां पर प्रचार के लिए 10 दिन का समय शेष है। बस्तर लोकसभा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र बस्तर लोकसभा के अंतर्गत विधानसभा की 8 सीटें आती हैं।



### महिला वोटर निर्णायक

इस सीट पर आदिवासी समाज और महिला वोटर निर्णायक भूमिका अदा करते हैं। इस लोकसभा सीट में शुरू से ही महिला वोटर का दबदबा रहा है। बस्तर लोकसभा सीट को लेकर चुनाव के आंकड़े बताते हैं कि यहां हर साल महिलाएं सांसद चुनकर लोकसभा में भेजती हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार बस्तर में कुल मतदाताओं की संख्या 14 लाख 66 हजार 337 है। 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले बस्तर सीट में 1 लाख 54 हजार नए मतदाताओं को जोड़ा गया है। इस सीट पर महिलाओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा है। यहां से पुरुष मतदाताओं की संख्या 6 लाख 98 हजार 197 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 7 लाख 68 हजार 88 है।

## न्याय रथ से कांग्रेस का लोकसभा के नौ विधानसभा में प्रचार

लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने चुनावी न्याय रथ से प्रचार शुरू कर दिया है। कांग्रेस भवन गांधी मैदान में शनिवार को उन्होंने अपनी माता से आशीर्वाद लेकर चुनावी यात्रा के लिए निकल पड़े। रायपुर लोकसभा के अंतर्गत आने वाले नौ विधानसभाओं में न्याय रथ के माध्यम से चुनाव का प्रचार करेंगे। विधानसभा के अंतर्गत आने वाले 29 ब्लॉकों में न्याय रथ में सवार होकर जाएंगे गांव-गांव अपना प्रचार करेंगे। कार्यकर्ताओं, किसानों, मजदूर, महिलाओं एवं युवाओं से मुलाकात करेंगे। यात्रा के समापन के पश्चात वह न्याय रथ में ही रात्रि विश्राम करेंगे। फिर अगले दिन सुबह से ही गांव में प्रभात फेरी कर यात्रा की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा, 2000 से अधिक गांव में रहने वाले 23 लाख मतदाताओं के पास कांग्रेस की 10 गारंटी एवं 25 न्याय को पहुंचाया जाएगा वरिष्ठ नेताओ एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इन सभी लक्ष्यों को पूरा किया जाएगा। कांग्रेस भवन गांधी मैदान से वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, छाया वर्मा, राजेंद्र तिवारी, अनीता शर्मा, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, गिरीश दुबे, उधोराम वर्मा, प्रमोद दुबे, कन्हैया अग्रवाल की मौजूदगी में न्याय रथ का शुभारंभ किया। खरोरा ब्लॉक से यात्रा प्रारंभ यात्रा की शुरुआत ग्राम मुरा में प्रभात फेरी कर कार्यकर्ताओं के साथ भेंट मुलाकात की तत्पश्चात रायखेड़ा में कार्यरत मनरेगा श्रमिकों से मुलाकात की।




## बीआईटी ग्राउंड में कार्यक्रम आज, शामिल होंगे सीएम

रायपुर। छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा शंकरनगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में 7 अप्रैल को चेट्रीचंड्र की पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और चंड्र जी रात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी और प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि विगत दिनों मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की टीम ने बतौर मुख्य अतिथि 7 अप्रैल को बीटीआई ग्राउंड में शामिल होने आमंत्रित किया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार करते हुए वहां आने की सहमति दी। साथ ही मुख्यमंत्री से आयोजन के ब्रोशर का विमोचन भी कराया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आयोजन के के लिए शुभकामनाएं दीं। पंचायत के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेशाध्यक्ष महेश दरयानी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा, प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज, राजा जेठानी, अनिल जोतसिंघानी, विशाल राजानी, प्रकाश सोनवानी आदि शामिल रहे।

## चेट्रीचंड्र पर्व 10 को मनाएंगे

रायपुर। सिंधी साहिती बिरादरी मंडल के कार्यकारिणी सदस्यों की गत दिनों बैठक हुई। उपस्थित सभी लोगों ने चेट्रीचंड्र पर्व 10 अप्रैल को शानदार तरीके से मनाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में सब सदस्यों और समाज का सहयोग होना जरूरी है। इस संबंध में प्रभारी अनिल हेमानी, राजेश बिधानी ने बताया कि 2 अप्रैल को बस्तियों में जाकर बिस्किट, मिठाई बांटी गई। इसी प्रकार 5 अप्रैल को वृद्धाश्रम, 8 को प्रेरणा ब्लैंड स्कूल हीरापुर, 10 को जयस्तंभ चौक पर शोभायात्रा का स्वागत कार्यक्रम होगा।









हेल्दी रहने के लिए अच्छा पौष्टिक भोजन, व्यायाम और आसन करना तो जरूरी है ही, साथ ही मन से आनंदित रहना भी जरूरी है, तभी आप स्वस्थ, खुश और संतुष्ट रह सकते हैं। मन से आनंदित रहने के लिए आपको अपनी जीवनशैली में दस फंडों को अपनाना होगा। आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हम आपको बता रहे हैं, इन्हीं दस फंडों के बारे में।

# जिंदगी के मकान में जरूर हों ये 10 कमरे

जीवनशैली
शिखर चंद जैन

हम में से अधिकतर लोग सोचते हैं कि भरपूर धन-दौलत से ही आसानी से जिंदगी में स्वस्थ रह सकते हैं, खुशी महसूस कर सकते हैं। लेकिन ऐसा पूरी तरह सच नहीं है। दर्जनों प्रेरक पुस्तकें लिखने वाले विद्वान लेखक डॉ. फ्रैंक क्रेन ने अच्छी सेहत और खुशहाल जिंदगी पाने के अचूक नुस्खे एक लेख में बताए हैं। यह लेख 'द अमेरिकन मैगजीन' में करीब सौ साल पहले (1920 के आस-पास) छपा था। इस लेख में उन्होंने स्वास्थ्य से संबंधित कई अनमोल सूत्र बताए हैं।







**कला से लगाव :** यह दुनिया खूबसूरत चीजों से भरी हुई है। लेकिन उस खूबसूरती का लुत्फ उठाना आप तभी सीख पाएंगे, जब आपको कला की समझ होगी। इसलिए कला से लगाव बढ़ाएं। जब आप कला की कद्र करने लगेंगे तो आपको इससे ऐसी खुशी मिलने लगेगी, जैसी भूख लगने पर स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होने पर मिलती है। चित्रकला हो, काष्ठकला या मूर्तिकला जिसमें आपका मन रमे, उसमें कुछ समय जरूर दें।

**साहित्य से प्रेम :** जिसे साहित्य पढ़ने में रुचि होती है, उसे इसमें ढेर सारी खुशी और ज्ञान प्राप्त होता है। इसमें रुचि लेने से वैचारिक स्तर पर आप समृद्ध होते जाएंगे। साहित्य से प्रेम करेंगे, तो आपको जीवन से प्रेम होने लगेगा और ताजगी महसूस करने लगेंगे।



**संगीत का आनंद :** डॉ. फ्रैंक के अनुसार जिसे संगीत से प्यार नहीं, वो दुनिया का सबसे गरीब आदमी कहा जा सकता है। जिंदगी में सुर और ताल बनाए रखने के लिए संगीत में रुचि बहुत कारगर साबित होती है। यकीन करें, अगर आप अपनी आत्मा को संगीत से सींचेंगे तो आपको आलौकिक आनंद महसूस होने लगेगा।

**घुमक्कड़ी का शौक :** शहरों में रहने वाले अधिकतर लोग दिन हो या रात चारदीवारी में ही घिरे रहते हैं। अधिकांश समय खुली, ताजा हवा में सांस नहीं ले पाते। स्वस्थ रहना है तो खुला आसमान, हरियाली भरे जंगल, जीवंतता के प्रतीक झरने आदि का आनंद उठाना सीखें। कभी खुले आसमान के नीचे लेट कर आकाश के तारे निहारें, हरी दूब पर लेटें, ताजा हवा के झोंकों में खुद को खुला छोड़ दें, पहाड़ों की गोद में यूं ही घूमने चले जाएं, फिर देखिए कैसी खुशी मिलती है!

**संवेदनशील मन:** संवेदनशील बनना भी स्वस्थ रहने के लिए बहुत कारगर है। हृदय के दरवाजे हमेशा खोल कर रखें। दूसरों के सुख-दुख को महसूस करें और उनमें शरीक हों। स्नेह, प्यार, मित्रता, रिश्ते आदि सुख और खुशी देते हैं। इससे मन में सकारात्मकता बढ़ती है, जो स्वस्थ रहने में बहुत मददगार होती है।

**बच्चों से जुड़ाव :** अपने जीवन को सेहतमंद और खुशहाल बनाने के लिए बच्चों से जुड़ना भी बहुत प्रभावी होता है। बच्चे जिंदगी के मकान का बेहद अहम हिस्सा होते हैं। इनसे जुड़ेंगे तो आप रोजमर्रा के अपने दुख-दर्द भूल जाएंगे।

**खेलकूद में रुचि :** क्या आप अखबार में आने वाले स्पोर्ट्स पेज को पढ़ते हैं? चेस, टेनिस, क्रिकेट कोई भी खेल खेलते हैं? अगर नहीं तो आपको पता होना चाहिए कि जो लोग खेलकूद पसंद नहीं करते, वे स्वास्थ्य और खुशी की दृष्टि से दुनिया के गरीब लोगों में शुमार होते हैं। अगर आप खेलते हैं या खेलकूद की गतिविधियों में दिलचस्पी लेते हैं, तो आप जीवन के कठिन दौर में भी खुश रहने की कला सीख लेंगे।

**आनंद की अनुभूति :** अपनी दिनचर्या की छोटी-छोटी चीजों में आनंद ढूंढ़ने की आदत आपको बहुत खुश और स्वस्थ बना सकती है। अपने बिस्तर की नरमी, भोजन का स्वाद और सुगंध, कपड़ों के रंग और डिजाइन, नंगे पांव मिट्टी पर चलने, ऑफिस की चाय, घर से दफ्तर तक का सफर, स्नान से मिलने वाली ऊर्जा और शांति आदि सब में आनंद के पल ढूंढ़े जा सकते हैं। शुरुआत में भले कुछ असहज लगे लेकिन कुछ समय बाद आप जीवन के हर पल में आनंद महसूस करने लगेंगे।



**ईश्वर में आस्था :** अध्यात्म और ईश्वरीय शक्ति में आस्था सचमुच सुकून और राहत देती है। ईश्वर में आस्था आपको सकारात्मकता और ऊर्जा से भर देती है। जो लोग प्रार्थना, अध्यात्म, सुपर नेचुरल पावर आदि की ताकत महसूस करते हुए भी खुद को बुद्धिजीवी करार देने के लिए इनसे दूर रहते हैं, वे सचमुच जीवन के आनंद से महरूम रहते हैं।

**अपने काम से प्यार :** हम सब को जीविका के लिए कोई न कोई काम करना पड़ता है। लेकिन हममें से ज्यादातर काम को बोझ समझते हैं। जरा सोचकर देखिए कि अगर आप काम में व्यस्त नहीं रहते, हर रोज संघर्ष न करते, मन में कोई लक्ष्य न होता, किसी से कोई आशा न होती तो आपकी जिंदगी कितनी रीती और सूनी होती? यकीन नहीं होता, तो दो-तीन दिन बिना कुछ किए घर में पड़े रहकर देखें, कितना उदास और बीमार महसूस करने लगेंगे, इसलिए प्रोफेशन का आनंद उठाएं। इसे एंज्वॉय करेंगे तो कभी भी वर्क प्रेशर महसूस नहीं होगा और आप स्ट्रेस, टेंशन, एंग्जाइटी से मुक्त रहते हुए स्वस्थ जीवन जिएंगे। *

विश्व स्वास्थ्य दिवस आज

# मेडिकल केयर से अधिक लाभकारी है सेल्फ केयर

यह सही है कि बीमार होने पर हमें मेडिकल केयर की जरूरत पड़ती है। लेकिन सवाल है कि हम बीमार ही क्यों पड़ते हैं? अगर हम अपनी जीवनशैली के साथ आहार में समुचित बदलाव कर लें और सेल्फ केयर करें तो मेडिकल केयर की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।



आत्मप्रेरणा / राजयोगी बीके निकुंज

भगवान गौतम बुद्ध की उक्ति है-स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार है, संतोष सबसे बड़ा धन है, वफादारी सबसे बड़ा संबंध है। इसी से समझा जा सकता है कि अच्छे स्वास्थ्य का हम सभी के जीवन में कितना महत्व होता है? जिसका शरीर स्वस्थ है, वही स्वस्थ कार्य कर सकता है। इसीलिए तो हम हमेशा अपने प्रियजनों के लिए खुशी और स्वास्थ्य की कामना रखते हैं, क्योंकि कोई भी व्यक्ति बीमार होकर अपनी मेहनत की कमाई को डॉक्टर और दवाइयों पर जाया करना नहीं चाहता। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार मनुष्य वास्तविक रूप से तभी स्वस्थ कहलाता है, जब वह स्वयं को मानसिक, भौतिक, भावात्मक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक स्तर पर स्वस्थ अनुभव करे। दुर्भाग्य से आज के आधुनिक जगत की इस भाग-दौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास पर्याप्त समय ही नहीं होता कि वे अपने स्वास्थ्य की जांच समय-समय पर कराते रहें। इसलिए कुछ लोग स्वस्थ दिनचर्या को अपनाकर रोगों से दूर रहने की कोशिश करते हैं, किंतु उनका यह प्रयास अनेक प्रकार के सामाजिक दबाव के कारण उतना सफल नहीं हो पाता है, अंततोगत्वा निराश होकर वे अस्वस्थ जीवनशैली को अपना लेते हैं। हम यह अकसर भूल जाते हैं कि मां प्रकृति ने हमें, हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक सब कुछ प्रदान किया है। जरूरत है एक स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली को अपनाने की।



**दवाओं पर कम करें निर्भरता:** आज, दवा की गोलियां, कैप्सूल अधिकतर लोगों के जीवन का हिस्सा बन गए हैं। इसकी वजह यह है कि समय की कमी और व्यस्त जीवनशैली के कारण हम हमेशा स्वयं की देखभाल यानी कि 'सेल्फ केयर' की तुलना में चिकित्सा यानी कि 'मेडिकल केयर' को अधिक पसंद करते हैं। हम जंक फूड, जरूरत से ज्यादा खाना, व्यायाम और उचित आराम न करना, भावनात्मक अस्थिरता, धूम्रपान और मद्यपान जैसी अनेक गलत आदतों के जाल में इस कदर फंसे हुए हैं कि हमें इस बात का एहसास तक नहीं होता कि इन सभी आदतों का हमारे स्वास्थ्य पर खतरनाक प्रभाव पड़ रहा है। तो फिर क्यों न एक स्वस्थ जीवनशैली को अपनाया जाए? पर क्या यह इतना सरल है? जी हां! बिल्कुल सरल हैं।

**जीवनशैली में करें सुधार:** यदि अपने बेहतर स्वास्थ्य के लिए हम कुछ छोटे-मोटे परिवर्तन अपनी दिनचर्या में लाएं तो हम एक समग्र संतुलित स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। मसलन, जल्दी सोना और जल्दी उठना, इस आदत को यदि हम गंभीरता से अपना लें, तो प्रातःकाल से लेकर रात्रि तक हमारा दिन बहुत अच्छा बीतेगा। इसी प्रकार से सुबह को या शाम को यदि हम कुछ हल्का-फुल्का व्यायाम, जैसे कि सैर, जॉगिंग आदि को सिर्फ आधा घंटा कर लें, तो हम एक नई स्वस्थ पहल कर सकते हैं।

**पौष्टिक भोजन का सेवन:** पोषण विशेषज्ञों के अनुसार, आरोग्य का सबसे मुख्य भाग है, संतुलित आहार। जी हां! डाइटिंग के नाम पर अपने को भूखा रखना हानिकारक सिद्ध हो सकता है, इसके बजाय अपनी भोजन शैली में व्यावहरिक परिवर्तन कर सारे पौष्टिक तत्वों से भरपूर भोजन लेने के नियम का पालन करना और यदा-कदा रूप में कुछ भी खा लेने की आदत से बचना ज्यादा हितकारक है।

**ध्यान का सकारात्मक प्रभाव:** पिछले कुछ वर्षों में किए गए चिकित्सा अनुसंधानों के द्वारा यह तथ्य सामने आया है कि 'अध्यात्म', मानव चरित्र का एक ऐसा महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो उसके भावनात्मक पक्ष को प्रभावित करता है, अतः उसकी उपेक्षा करना नुकसानकारक सिद्ध हो सकता है। इसीलिए विश्व भर के चिकित्सक आज दवाई के साथ-साथ अपने मरीजों को ध्यान (मेडिटेशन) करने की राय देते हैं, क्योंकि उनका यह स्पष्ट मानना है कि ध्यान के द्वारा मनुष्य अपने दिन-प्रतिदिन की नकारात्मकता से दूर रह सकता है और वह उनके शारीरिक स्वास्थ्य के बेहतरी में भी सहायक होगा। याद रहे! अपनी केयर खुद करें ताकि मेडिकल केयर से बचे रहें। *

पर्व-संस्कृति / डॉ. घनश्याम बादल

आगामी मंगलवार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवरात्र और नवसंवत्सर का शुभारंभ हो रहा है। इस तिथि का जितना प्राकृतिक, ज्योतिषीय और धार्मिक महत्व है, उतना ही सांस्कृतिक महत्व भी है। इससे जुड़ी पौराणिक-सांस्कृतिक महत्ता पर एक दृष्टि।

# नवसंवत्सर 2081 नवारंभ का सांस्कृतिक उत्सव




हिंदू कैलेंडर के अनुसार हर साल चैत्र प्रतिपदा से नया विक्रम संवत शुरू हो जाता है। एक बार फिर कालचक्र के परिवर्तन के साथ नववर्ष दस्तक दे रहा है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा यानी 9 अप्रैल मंगलवार से नव विक्रम संवत्सर 2081 आरंभ हो रहा है। साथ ही इस दिन से ही चैत्र नवरात्र भी आरंभ हो रहे हैं।

**ज्योतिषीय-पौराणिक मान्यताएं:** ज्योतिषीय पंचांग के अनुसार नव संवत्सर 2081 का नाम क्रोधी और पंचांग भेद से इसका नाम कालयुक्त है। इसका राजा मंगल और मंत्री शनि होंगे। ज्योतिष के अनुसार इस वर्ष ग्रहों के दशाधिकार में सात विभाग क्रूर ग्रहों को और तीन शुभ ग्रहों को मिले हैं। मंगल के राजा और शनि के मंत्री होने से इस वर्ष के उथल-पुथल भरा रहने की आशंका है। मान्यता है कि नए संवत्सर में ब्रह्मांड में नई व्यवस्था का गठन भी होता है। मान्यता यह भी है कि ब्रह्मा जी ने सृष्टि का आरंभ इसी तिथि से किया था। यह भी माना जाता है कि सबसे पहले सतयुग का प्रारंभ इसी तिथि यानी चैत्र प्रतिपदा से हुआ था। यह तिथि सृष्टि के कालचक्र प्रारंभ और पहला दिन भी माना जाता है। इसी दिन भगवान विष्णु ने दशावतार में से पहला मत्स्य अवतार लेकर प्रलयकाल में अथाह जलराशि में से मनु की नौका को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया था। प्रलयकाल समाप्त होने पर मनु से ही नई सृष्टि की शुरुआत हुई। हिंदू विक्रम संवत, अंग्रेजी कैलेंडर के वर्ष से 57 वर्ष आगे होता है। चैत्र नवरात्र की प्रतिपदा तिथि से अगले 9 दिनों तक देवी दुर्गा की उपासना का महापर्व नवरात्र भी आरंभ होता है।

**सांस्कृतिक धरोहर :** राष्ट्रीय स्वाभिमान और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के प्रतीक की शुरुआत इस चैत्र नवरात्र से ही होती है। महाराष्ट्र में इस दिन को गुड़ी पड़वा और दक्षिण भारत में इसे उगादि के रूप में मनाया जाता है।

**शुक्ल पक्ष से आरंभ होता नववर्ष:** यह नववर्ष किसी जाति, वर्ग, देश, संप्रदाय का नहीं अपितु संपूर्ण मानवता का नववर्ष है। यह पर्व विशुद्ध रूप से भौगोलिक पर्व है, क्योंकि प्राकृतिक दृष्टि से भी इस दौरान वनस्पतियों, फूलों और पत्तियों में भी नयापन दिखाई देता है। हिंदू कैलेंडर में कुल 12 माह होते हैं- चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, अश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ और फाल्गुन। हिंदू कैलेंडर के सभी महीने नक्षत्र के नाम पर रखे गए हैं। पूर्णिमा तिथि पर जो नक्षत्र रहता है, उसी नक्षत्र के नाम पर हिंदी महीनों के नाम रखे गए हैं। जैस चैत्र का महीना चित्रा नक्षत्र के नाम पर रखा गया है, इसी प्रकार वैशाख, विशाखा के नाम पर, ज्येष्ठ, ज्येष्ठा नक्षत्र के नाम पर रखा गया है। एक प्रश्न यह उठता है कि चैत्र महीना हिंदू नववर्ष का पहला महीना होता है, जो होली के बाद शुरू हो जाता है। यानी फाल्गुन पूर्णिमा तिथि के बाद चैत्र कृष्ण प्रतिपदा लग जाती है फिर भी उसके 15 दिन बाद नया हिंदू नववर्ष क्यों मनाया जाता है? इसका उत्तर यह है कि हिंदू पंचांग के अनुसार कृष्ण पक्ष, पूर्णिमा से अमावस्या तिथि के 15 दिनों तक रहता है और कृष्ण पक्ष के इन 15 दिनों में चंद्रमा धीरे-धीरे लगातार घटने के कारण पूरे आकाश में अंधेरा छाने लगता है। सनातन धर्म का आधार हमेशा अंधेरे से उजाले की तरफ बढ़ने का रहा है यानी 'तमसो मा ज्योतिर्गमय'। इसी वजह से चैत्र माह के लगने के 15 दिन बाद जब शुक्ल पक्ष लगता है तभी प्रतिपदा तिथि से हिंदू नववर्ष मनाया जाता है। अमावस्या के अगले दिन शुक्ल पक्ष लगने से चंद्रमा हर एक दिन बढ़ता जाता है, जिससे कालक्रम अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ता है।

**क्या है प्रतिपदा:** हिंदू पंचांग की प्रथम तिथि प्रतिपदा कही जाती है। यह तिथि मास में दो बार आती है पूर्णिमा के पश्चात और अमावस्या के पश्चात। पूर्णिमा के पश्चात आने वाली प्रतिपदा को कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा और अमावस्या के पश्चात आने वाली प्रतिपदा को शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा कहा जाता है। शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से चंद्रमा पूर्णता की ओर बढ़ता है, अतः इसे प्रतिपदा कहते हैं। शुक्ल पक्ष में सूर्य और चंद्र का अंतर 0 से 12 डिग्री तक होता है, जबकि कृष्ण पक्ष में सूर्य और चंद्र का अंतर 181 से 192 डिग्री तक होता है, तब प्रतिपदा तिथि होती है। कृष्ण प्रतिपदा को चंद्रमा की प्रथम कला होती है। शुक्ल पक्ष प्रतिपदा में चंद्रमा अस्त रहता है। कृष्ण पक्ष प्रतिपदा में स्थिति एकदम विपरीत होती है। कृष्ण प्रतिपदा में चंद्र अपने ह्रास की ओर बढ़ता है। अतः कह सकते हैं कि हिंदू संस्कृति में नया वर्ष आनंददायक भाव के साथ शुरू किया जाता है। *

शुभकामना गीत / शिवचरण चौहान

## नव संवत्सर मंगलमय हो!



भारत के जन-जन की जय हो।
नव संवत्सर मंगलमय हो।।
चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हमारी।
नए वर्ष की शुभ तिथि प्यारी।।
भारत की सर्वत्र विजय हो।
नव संवत्सर मंगलमय हो।।
ऋतु बसंत पावन, मनभावन।
चैत्र मास नव मास सुहावन।।
महाराज विक्रम की जय हो।
नव संवत्सर मंगलमय हो।।
पूरित शस्य धरा अति पावन।
नव पल्लव फल-फूल सुहावन।।
ग्रह नक्षत्र शुभ मंगलमय हो।
भारत के जन-जन की जय हो।
नव संवत्सर मंगलमय हो।।

कहानी
रेखा शाह आरबी

# लाल गमछा



रामदीन रोज रेल की पटरियों के किनारे वाले जंगल में अपनी बकरियां चराने ले जाता था। यहां बड़ी-बड़ी और मुलायम घास बकरियों को आसानी से उपलब्ध हो जाती थी। रामदीन पढ़ा-लिखा नहीं था। बचपन में मात्र चार-पांच दिन ही स्कूल गया था। उसका स्कूल में मन नहीं लगा तो स्कूल जाना छोड़ दिया। उसने घर में अपनी बकरियों को चराने की जिम्मेदारी ले ली।

उस दिन बकरियां जंगल में घास चर रही थीं। रामदीन कोई गीत गुनगुनाते हुए पटरियों के किनारे टहल रहा था। अचानक उसकी नजर रेल की टूटी पटरी पर पड़ी। वह चौंका, 'हे भगवान! यहां तो रेल की पटरी टूटी हुई है। रेल आएगी तो दुर्घटनाग्रस्त हो जाएगी।'

रामदीन ने सोचा गांव जाकर लोगों को खबर करे, लेकिन गांव दूर था। दोपहर बाद शाम शुरू होते ही आने वाली ट्रेन का टाइम हो रहा था। वह सोच में पड़ गया, यदि ट्रेन आ गई तो भयंकर दुर्घटना हो जाएगी। ना जाने कितनी जानें चली जाएंगी, कितने लोग हताहत हो जाएंगे। दोपहर खत्म हो रही थी। ठीक इसी समय ट्रेन आती थी, रामदीन को पता था। क्योंकि रोज वह बकरियों को चराकर इसी समय अपने गांव की ओर वापस लौटता था। वह जाती हुई उस ट्रेन के यात्रियों को हाथ हिलाकर अभिवादन करता था। यात्री भी उसे इस तरह हाथ हिलाते देखकर मुस्कुराते हुए अपने हाथ हिलाकर उसके अभिवादन का जवाब देते थे।

रामदीन का दिमाग सुन्न हो रहा था। उसे समझ में नहीं आ रहा था, करे तो क्या करे? कैसे ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाए? उसे अचानक याद आया, जब वह बचपन में चार-पांच दिन के लिए स्कूल गया था तो मास्टर जी ने बच्चों को बताया था कि यदि आपातकाल में कभी ट्रेन रुकवानी पड़े तो तुम किसी भी लाल रंग के कपड़े को ट्रेन के ड्राइवर को दिखाओ, ड्राइवर ट्रेन रोक देगा, क्योंकि लाल रंग खतरे का प्रतीक होता है। ड्राइवर समझ जाएगा कि आगे कहीं कुछ खतरा है, इसलिए ट्रेन रुकने का इशारा किया जा रहा है।

रामदीन ने अपने कपड़े देखे। उसने देखा, गले में लाल रंग का गमछा पड़ा हुआ है। उसने अपने डंडे में गमछे के दोनों सिरों को बांधा और पटरी के पास खड़ा हो गया। कुछ ही देर में उसे दूर से ट्रेन के आने की आवाज सुनाई दी। वह डंडे में बंधे लाल गमछे को हिलाते हुए ट्रेन की दिशा में दौड़ पड़ा।

ड्राइवर ने दूर से ही देख लिया था, एक व्यक्ति लाल रंग का कपड़ा लहराते हुए ट्रेन की तरफ आ रहा है। वह समझ गया कि कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ है, उसने ट्रेन रोक दी।

ट्रेन रुकने के बाद ड्राइवर, गार्ड, टीटी और कुछ यात्री उतर कर रामदीन के पास आए। उसने सबको ट्रेन की टूटी पटरी दिखाई। टूटी पटरी देखकर लोग दंग रह गए। ड्राइवर बोला, 'आपने एक बहुत बड़ी दुर्घटना होने से बचाई है, लोगों की जान बचाई है।'

तुरंत स्टेशन से इंजीनियरों की टीम बुलाकर पटरियों की मरम्मत करवाई गई। ट्रेन जब अपने गंतव्य की ओर रवाना हुई तो टीटी, ड्राइवर, गार्ड और यात्रियों ने हाथ हिलाकर रामदीन के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

शाम होते ही रामदीन अपनी बकरियों को लेकर घर आ गया। रात को जब रामदीन अपनी खाट पर सोने के लिए लेटा तो सोच रहा था- 'मैं जब चार-पांच दिन स्कूल गया तो मुझे इतना ज्ञान मिल गया कि एक ट्रेन के कितने सारे लोगों की जान बचा ली। अगर लंबे समय तक शिक्षा ग्रहण की होती तो मैं ना जाने कितने और बड़े-बड़े काम करने के लिए समक्ष हो जाता।'

उसी रात रामदीन ने मन ही मन संकल्प लिया कि वह तो अनपढ़ रह गया, लेकिन अपने बच्चों को अनपढ़ नहीं रहने देगा। जल्द ही अपने बच्चों का स्कूल में दाखिला कराएगा। *

खरी-खरी / अशोक अंजुम

## चुनावी मौसम में




बेईमानी, झूठ के सब कारखाने चल पड़े।
लो सभी नेता स्वयं को आजमाने चल पड़े।
जो सदा करते रहे बातें उजालों की यहां,
वे तिमिर के वंशजों के गीत गाने चल पड़े।
आ गया मतदान का मौसम, 'रे पंछी जाग जा'
फिर शिकारी वायदों के लेके दाने चल पड़े।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-
- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित







# राजीव की हत्या से उपजी सहानुभूति लहर में जीती थी कांग्रेस

विमलशंकर झा ▶▶| भिलाई

*दुर्ग लोकसभा क्षेत्र की खासियत यहां स्थित एशिया के सबसे बड़े एकीकृत सार्वजनिक उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र के कारण औद्योगिक विकास के साथ राजनीतिक जागरुकता की भी रही है। बावजूद इसके यह सीट भी प्रदेश के बहुतेरे क्षेत्रों की तरह जातीय समीकरण से अछूती नहीं है। सियासी दृष्टि से कुर्मी जातीय बहुल इस संसदीय क्षेत्र से पहली बार साहू प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारने का श्रेय भाजपा को जाता है, जिसके बाद ही इस जाति के लोगों में राजनीतिक जागरुकता आई और लोकसभा के साथ विधानसभाओं में साहू जाति के उम्मीवार बनाए जाने का सिलसिला चल पड़ा।*

## साहू-कुर्मी मतदाता बाहुल्य है दुर्ग लोकसभा क्षेत्र

देश को दो तीन केंद्रीय मंत्री और दो मुख्यमंत्री देने वाले दुर्ग संसदीय क्षेत्र में शुरु से कुर्मी और साहू जाति के लोगों की बहुलता रही है। इन दोनों जाति के लोगों की संख्या पांच लाख से ऊपर है। यही वजह है कि आज यहां कुर्मी और साहू समाज के लोगों का प्रतिनिधित्व सबसे ज्यादा है। लेकिन तीन दशक पहले इस संसदीय क्षेत्र में कुर्मी समाज के लोगों का ही वर्चस्व था। राजनीति में साहुओं को मुख्यधारा में लाने का किस्सा दिलचस्प तो है ही, रणनीतिकारों के चुनाव जीतने की राजनीतिक चातुर्य का भी प्रतीक है। राजनीतिक पंडितों के मुताबिक दुर्ग जिला में 1971 से 95 तक कुर्मी जाति के लोगों का ही वर्चस्व था। चाणक्य के नाम से प्रसिद्ध वासुदेव चंद्राकर 25 साल तक रिकार्ड जिला कांग्रेस दुर्ग के अध्यक्ष रहे। चंदूलाल चंद्राकर 1977 में सांसद मोहन भैया को छोड़कर 71 से 96 तक लगातार सांसद थे, फिर पुरुषोत्तम कौशिक भी सांसद रहे। 1991 के लोकसभा चुनाव के समय लक्ष्मण चंद्राकर साडाध्यक्ष थे, प्रतिमा चंद्राकर को जिला पंचायत अध्यक्ष





बनाने कांग्रेस की तैयारी थी। भाजपा की रणनीति थी कि यदि कांग्रेस वासुदेव चंद्राकर की पत्नी बोधनी बाई को विधानसभा लड़ाएगी तो भाजपा डॉ साहू की बहू को उनके खिलाफ प्रत्याशी बनाएंगे। 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सामने यह बड़ी चिंता थी कि 4 बार के सांसद चंदूलाल चंद्राकर की लोकप्रियता वाले कांग्रेस के इस अभेद्य गढ़ को कैसे ढहाया जाए। प्रत्याशी के सवाल से जूझ रहे शीर्ष नेतृत्व को तत्कालीन शिक्षा राज्य मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने सुझाया कि दुर्ग को फतह करने क्यों ने कांग्रेस को उसी के जाति कार्ड से मात दिया जाए। यानी कुर्मी बहुल दुर्ग सीट से दूसरे नंबर के साहू जाति के उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाया जाए। उन्होंने प्रदेश भाजपाध्यक्ष लखीराम अग्रवाल, गोविंद सारंग और कुशाभाउ ठाकरे के मार्फत शीर्ष नेतृत्व को दुर्ग से बीएसपी के मैनेजर और लिटररी क्लब के अध्यक्ष डॉ. मनराखन लाल साहू का नाम सुझाया।

कांग्रेस प्रत्याशी चंदूलाल चंद्राकर की तरह डॉ. साहू की छवि भी साफ सुधरी थी और कुर्मियों की तरह साहू जाति के लोगों की भी संख्या पांच लाख से ऊपर थी। डॉ. साहू के नाम पर मुहर लगने के बाद अविभाजित मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार होने के चलते लोकसभा चुनाव में कांग्रेस व भाजपा में टक्कर की स्थिति बन रही थी, लेकिन ऐन मतदान के वक्त देश में हुए बड़े हादसे ने दुर्ग में भाजपा जीतते जीतते हार गई।

### राजीव गांधी की हत्या से पलटी बाजी

91 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा की सरकार होने से दुर्ग सीट पर भी यहां पार्टी के रणनीतिकार नेताओं को 77 जैसा अपने पक्ष में माहौल लग रहा था। राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल कृष्ण आडवाणी सहित कई दिग्गज राष्ट्रीय नेताओं की उपस्थिति में अग्रसेन भवन भिलाई में हुए भाजयुमो के राष्ट्रीय सम्मेलन की अगुवाई करते हुए मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, प्रेमप्रकाश पांडेय, लीलाराम भोजवानी सम्मेलन के साथ धुआंधार चुनाव की कमान संभाले हुए थे। आला नेताओं को पुरजोर जीत का भरोसा भी दिला रहे थे, लेकिन अचानक मतदान के 2 दिन पहले 21 मई को पैरांबूर आंध्र में चुनावी सभा में हालिया पीएम पद से निवृत हुए राजीव गांधी की हुई हत्या से मतदान स्थगित कर दिया गया। पखवाड़ेभर बाद जब अगले चरण का यहां मतदान हुआ तो सहानुभूति लहर में कांग्रेस प्रत्याशी चंदूलाल चंद्राकर फिर से जीते, जो 96 तक सांसद रहे। चुनाव के कुछ दिनों बाद डॉ.साहू चल बसे थे।

*जिले में साहू प्रतिनिधित्व का सिलसिला शुरु : 91 के संसदीय चुनाव में भाजपा नेता प्रेमप्रकाश पांडेय द्वारा दुर्ग से पहली बार डॉ.मनराखन लाल साहू का बतौर प्रत्याशी नाम सुझाए जाने के बाद साहू जाति के लोगों में सियासत में भागीदारी को लेकर जागरुकता बढ़ी। 1996 में सांसद चंदूलाल चंद्राकर के आकस्मिक निधन के बाद हुए चुनाव में भी भाजपा ने डॉ.साहू की तरह प्रदेश भाजपाध्यक्ष ताराचंद साहू को अपना प्रत्याशी बनाया, जो 2004 तक सांसद रहे। ताराचंद के बागी होकर अपनी पार्टी छग स्वाभिमान मंच से लड़ने के बाद 09 में भाजपा से सरोज पांडेय के जीतने के बाद 2014 में कांग्रेस ने भी साहू जाति के यानी ताम्रध्वज साहू को अपना प्रत्याशी बनाया जो 2019 तक सांसद रहे। अभी 2024 के चुनाव में भी कांग्रेस ने राजेंद्र साहू को प्रत्याशी बनाया है। 91 में डॉ.साहू के बाद दुर्ग संसदीय क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से भी घनाराम साहू, दयाराम साहू, वीरेंद्र साहू, रमशीला साहू विधायक रहे। अभी साजा से भी साहू विधायक हैं। यानी साहुओं को टिकट देने का सिलसिला 91 के बाद ही शुरु हुआ।*

## आमने/सामने

### चोरों के साथ काम करने में परेशानी-चंद्रशेखर



*कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने भाजपा में शामिल होने के बाद कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को गोबर चोर कहा। उन्होंने कहा, चोरों के साथ काम करने में परेशानी हो रही थी, इसलिए मोदी परिवार में शामिल हुआ हूं।*

### नीयत के खोटे हैं चंद्रशेखर शुक्ला- सुशील



*उनके बयान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने पलटवार करते हुए चंद्रशेखर शुक्ला को नीयत खोटा करार दिया है। उन्होंने कहा, 5 सालों तक भूपेश बघेल की शान में कसीदे पढ़ते थे। दल बदलते ही अनर्गल बयान दे रहे हैं। अपने स्वार्थ के चलते भाजपा ज्वाइन किया है। प्रदेश की जनता उनको जवाब देगी।*

## शांतिपूर्ण चुनाव कराने कवायद



बेंगलुरु। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने प्रशासनिक मशीनरी के साथ ही सैन्य जवान भी लगे हुए हैं। सीआईएसएफ के जवानों ने बेंगलुरु की मुख्य सड़कों से लेकर गली-कूचों तक में गश्त करते हुए हालात का जायजा लिया।

## अलीगढ़ में गरजे योगी, बोले- खतरा बनने वालों का कर देते हैं राम नाम सत्य

एजेंसी ▶▶| अलीगढ़

लोकसभा चुनाव का प्रचार जोरों पर हैं। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के फायर ब्रांड नेता अलग-अलग स्थानों पर जाकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस बीच उत्तर प्रदेश खे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ जिले में पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए बयान दिया।

उन्होंने कहा कि देखो हम राम को लाते ही नहीं है। बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए जो खतरा बनता है, उसका राम नाम सत्य भी कर देते हैं। इस रैली में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत का विकास तभी संभव है जब उत्तर प्रदेश का विकास हो और साथ में अलीगढ़ का विकास हो। हम नए भारत को देख रहे हैं, जिसका सम्मान दुनियाभर में हैं। जिसकी सीमाएं सुरक्षित हैं।



आतकंवाद, नक्सवाद समाप्त हुआ है, ऐसा भारत देख रहे हैं।

### अलीगढ़ में गरजे सीएम योगी

सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहील बार है जब चुनाव चल रहे हैं और लोगों को कयास लगाने की जरूरत नहीं है। लोगों में पहले से तय है कि तीसरी बार फिर मोदी सरकार। पूरे देश में यही आवाज है। चाहे अलीगढ़ हो या सहारनपुर या बागपत। ये आवाज वैसे ही नहीं है।

### दंगा मुक्त हुआ उत्तर प्रदेश

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले लोग सोचते थे कि उत्तर प्रदेश शायद ही कभी दंगा मुक्त होगा। आज उत्तर प्रदेश दंगामुक्त हुआ है। कर्फ्यू से मुक्त हुआ है और कांवड़ यात्रा भी धूम-धाम से निकल रही है। उपद्रव के लिए जाना जाने वाला उत्तर प्रदेश आज उत्सव प्रदेश बन गया है। कहीं रामोत्सव तो कहीं रंग उत्सव और कहीं कृष्ण उत्सव ये सब उत्तर प्रदेश की पहचान बन गई है। बता दें कि बीते दिनों सीएम योगी मुजफ्फरनगर में थे।

**डीएमके व एडीएमके के चुनावी संग्राम में तीसरी ताकत के रूप में राजग की तैयारी**

# तमिलनाडु : भाजपा के लिए आसान नहीं द्रविड़ सियासत के चक्रव्यूह को भेदना

ओ.पी. पाल. ▶▶| नई दिल्ली

*इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 400 पार सीटों का लक्ष्य तय किया है, जिसमें भाजपा ने दक्षिणी राज्यों खासकर द्रविड़ सियासत के प्रभाव वाले तमिलनाडु अलग रणनीति तैयार की है, क्योंकि पिछले दो लोकसकभा चुनाव में भाजपा का विजय रथ तमिलनाडु में ही आकर रुकता नजर आया है। एडीएमके से रिश्ते टूटने के बाद अब भाजपा को हालांकि पीएमके का साथ मिला है, जिसका दर्जन भर सीटों पर अच्छा प्रभाव है। लेकिन भाजपा की तमिलनाडु में चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की इस रणनीति के बावजूद द्रविड़ सियासत के इस समुद्र को पार करना एक बड़ी चुनौती साबित होगी?*

तमिलनाडु राजनीति के इतिहास पर नजर डाली जाए, तो इस लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु की राजनीति में इस समय द्रविड़ दलों यानी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एडीएमके) को अक्सर एक राजनीतिक महाशक्ति के रूप में देखा जाता है। ये दोनों प्रमुख दल ही पिछले दशकों से राज्य पर शासन करते आ रहे हैं। इसलिए भी यहां अभी तक भाजपा की दाल नहीं गल पाई। इसके पीछे का कारण साफ है कि भाजपा की राजनीतिक विचारधारा हिंदुत्व है, लेकिन तमिलनाडु में हिंदुत्व नहीं, बल्कि द्रविड़ राजनीति का बोलबाला है। द्रविड़ संस्कृति में यहां की मूल भाषा के सामने हिंदी भाषा का भी बड़ा विरोध भी बड़ी वजह है।

शायद यही कारण रहा कि डीएमके के नेताओं द्वारा पिछले दिनों सनातन यानी हिंदू धर्म विरोधी टिप्पणियों को हवा दी गई। हालांकि ऐसे बयानों ने विपक्षी गठबंधन इंडिया का संकट भी बढ़ा है, लेकिन अतीत में ब्राह्मण राजनीति के वर्चस्व को पछाड़कर द्रविड़ आंदोलन से बदली द्रविड़ वर्चस्व के ईर्दगिर्द घूमती सियासत के दबदबे को कायम रखने के मकसद से डीएमके और एडीएमके अपनी सियासी जमीन को मजबूत बनाने में जुटे हैं, जिन्हें इंडिया गठबंधन में तमिलनाडु की राजनीति के हिसाब से तव्वजो दी जा रही है। ऐसे सियासत के बुने जाल को भाजपा का चक्रव्यूह तोड़ पाएगा, इसकी संभावनाएं बहुत ही कम हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पीएम मोदी के तमिलनाडु में हुए ताबड़तोड़ दौरों में की गई विकास एवं अन्य घोषणाओं का कितना प्रभाव होगा यह अभी भविष्य के गर्भ में है।

### ये हैं प्रमुख दल

तमिलनाडु की राजनीति में डीएमके और एडीएमके जैसे प्रमुख दलों के अलावा डा. रामदास अंबुमणी की पीएमके, के. कृष्णा सामी की पुथिया तमिलागम, जीके वासन की तमिल मनीला कांग्रेस(मूपनार), भाकपा, सीपीआईएम, वीसीके, आईयूएमएल, वाइको की एमडीएमके, एसी शनमुगम की पीएनके जैसे दल चुनावी जंग में रहे हैं।



### इन सात सीटों पर भाजपा की नजरें

तमिमलनाडु में अपने विजय रथ की राह बनाती भाजपा की प्रमुख रुप से कन्याकुमारी और रामनाथपुरम के इर्द-गिर्द सात लोकसभा सीटों पर नजरें लगी हैं, जहां तमिलनाडु के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अन्नामलाई ने पदयात्रा करके भाजपा का जनाधार मजबूत करने में जुटे हैं। इससे पहले 2019 के चुनाव में भी एआईएडीएमके ने भाजपा इनमें से ही 6 सीटें दी थी, जहां इस बार भाजपा को अपनी जीत की उम्मीद हैं।

### क्या है दलगत गणित

तमिलनाडु में साल 2019 के लोकसभा चुनाव में 39 में से डीएमके सर्वाधिक 24 सीटें जीत आगे रहा, जबकि कांग्रेस को आठ, सीपीआई को दो, एडीएमके, वीसीके, सीपीएम तथा आईयूएमएल को एक-एक सीट मिली थी। जबकि इससे पहले 2014 के लोकसभा चुनाव में एडीएमके ने 37 तथा भाजपा व पीएमके ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की थी।

*भाजपा-पीएमके 24 सीटों पर करेगी संघर्ष*
*भाजपा ने तमिलनाडु में 20 सीटों पर अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं, जबकि उसकी साझीदार डॉ. एस. रामदास अंबुमणि की पार्टी पीएमके ने दस सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इस चुनाव में डीएमके और एडीएमके के अलावा अन्य क्षेत्रीय दल भी चुनाव मैदान में हैं। राजग राज्य में द्रविड़ संस्कृति वाली सियासत के इस चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की रणनीति के साथ चुनाव मैदान में है।*

### इतने मतदाता करेंगे फैसला

*तमिलनाडु में लोकसभा की सात आरक्षित सीटों समेत सभी 39 सीटों पर 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव में 6,18,90,348 मतदाताओं का जाल है, जिसमें 3,14,85,724 महिला मतदाता, 3,03,96,330 पुरुष मतदाता के अलावा 8,294 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। जबकि प्रदेश में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 4,48,138 है। इन मतदाताओं में 3,310 एनआरअई मतदाता भी पंजीकृत हैं।इस बार 18 और 19 आयु वर्ग के 9.18 लाख मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। जबकि 20 से 29 आयु वर्ग के 1.08 करोड़ मतदाता हैं। राज्य में सबसे अधिक 1.37 करोड़ मतदाताओं की संख्या 40 से 49 आयु वर्ग के बीच है। जबकि तमिलनाडु में बुजुर्ग यानी 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या भी 12.5 लाख से अधिक है। जबकि साल 2023 में राज्य में मतदाताओं की संख्या 6,20,41,179 थी, जिसकी तुलना में लोकसभा चुनाव में दो लाख से अधिक मतदाताओं में कमी दर्ज की गई है, हालांकि ट्रांसजेंडर 8,027 से बढ़कर 8,294 हो गये है।*

# सहारनपुर में बोले प्रधानमंत्री मोदी- कांग्रेस के घोषणा पत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप

एजेंसी ▶▶| सहारनपुर

कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में वही सोच झलकती है, जो आजादी के आंदोलन के समय मुस्लिम लीग में थी। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप है और इसका जो कुछ हिस्सा बचा रह गया, उसमें वामपंथी पूरी तरह हावी हो चुके हैं। कांग्रेस इसमें दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती है।

### कांग्रेस के पास न देशहित की नीतियां, न दृष्टि

प्रधानमंत्री मोदी ने सहारनपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस तो दशकों पहले ही समाप्त हो



■ कांग्रेस के घोषणा पत्र पर पीएम मोदी का करारा प्रहार

चुकी है। अब जो कांग्रेस बची है, उसके पास न देशहित में नीतियां हैं और न ही राष्ट्रनिर्माण की दृष्टि। कल कांग्रेस ने जिस तरह का घोषणा पत्र जारी किया है, उससे साबित हो गया है कि आज की कांग्रेस, आज के भारत की आशाओं-आकांक्षाओं से पूरी तरह कट चुकी है।

**सपा को हर घंटे उम्मीदवार बदलने पड़ रहे:** पीएम मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा की स्थिति तो यह है कि

### फ्लॉप फिल्म फिर से कर रहे रिलीज

राहुल गांधी और अखिलेश यादव का नाम लिये बिना पीएम मोदी ने कहा कि आपको याद होगा, यहां उत्तर प्रदेश में दो लड़कों की जो फिल्म पिछली बार फ्लॉप हो चुकी है, उन दोनों लड़कों की फिल्म को इन लोगों ने फिर से रिलीज किया है। मुझे समझ नहीं आता कि काठ की इस हांडी को ये इंडी गठबंधन वाले कितनी बार चढ़ाएंगे।

यहां सपा को हर घंटे अपने उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस की स्थिति तो और भी विचित्र है, कांग्रेस को तो उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे।

**कांग्रेस को गढ़ में उतारने नहीं मिल रहे उम्मीदवार :** पीएम ने कहा कि जिन सीटों को कांग्रेस अपना गढ़ मानती थी, वहां भी उसे उम्मीदवार उतारने की हिम्मत ही नहीं हो रही है।

## मीरा का नामांकन फॉर्म निरस्त, भड़के अखिलेश यादव

**लखनऊ।** अखिलेश यादव ने मीरा यादव का फॉर्म निरस्त होने के बाद भाजपा पर बरसते हुए कहा कि सब बहाने हैं और हार चुकी भाजपा की हताशा। जो न्यायालय के कैमरे के सामने छल कर सकते हैं वो फार्म मिलने के बाद पीठ पीछे क्या-क्या साज़िश रचते होंगे। भाजपा बात में ही नहीं काम में भी झूठी है और समस्त प्रशासनिक तंत्र को भ्रष्ट बनाने की दोषी भी। इस घटना की भी न्यायिक जाँच हो, किसी का पर्चा निरस्त करना लोकतांत्रिक अपराध है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए भाजपा पर निशाना साधा है।

***अखिलेश यादव ने न्यायिक जाँच की मांग की :*** *अखिलेश यादव ने कहा खजुराहो सीट से इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन निरस्त करना सरेआम लोकतंत्र की हत्या है।*

# सोनिया ने कहा- संविधान बदलने की रची जा रहीं गहरी साजिशें



एजेंसी ▶▶| जयपुर

पूर्व कांग्रेस अध्यक्षा और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला है। जयपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए सोनिया ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी देश और लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा विपक्ष के नेताओं को जबरदस्ती अपनी तरफ करने की कोशिश कर रही है। बता दें, हाल ही में कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। सोनिया गांधी ने कहा कि मोदी खुद को महान मानकर देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं। विपक्षी नेताओं को डराने, धमकाने और भाजपा में शामिल कराने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है।

### कांग्रेस के साथी न्याय के दीपक को जलाएंगे

सोनिया गांधी ने कहा, मुझे पूरा यकीन है कि कांग्रेस के हमारे साथी न्याय के दीपक को जलाएंगे और हजार आंधियों में उसे संभालकर आगे बढ़ेंगे क्योंकि यह देश सिर्फ चंद लोगों की जागीर नहीं है। यह देश हम सबका है।

## 1977 में भारतीय जनसंघ का अस्तित्व कर दिया गया था खत्म

# 1984 में 2 सीटों से 400 पार के दावे तक भाजपा का सफर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी का आज स्थापना दिवस है। साल 1980 में 6 अप्रैल को ही भाजपा की स्थापना हुई थी। उस समय जो पौधा रोपा गया, तब शायद ही किसी ने यह सोचा कि कुछ सालों बाद यह इतना बड़ा पेड़ बनेगा। आज आलम ये है कि 2024 के आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी 370 और एनडीए गठबंधन 400 से अधिक सीटों पर जीत का दावा कर रहा है।

### जनता पार्टी की हार, आरएसएस पर तकरार, ऐसे हुआ भाजपा का जन्म

देश में 1980 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद जनता पार्टी के दिग्गज नेताओं में से एक जगजीवन राम ने एक चिट्ठी लिखी, जिसमें हार के लिए जनसंघ को दोषी ठहराया गया। 'बाबूजी' के नाम से जाने जाने वाले जगजीवन की इस चिट्ठी की वजह से भारतीय राजनीति में एक ऐसी पार्टी का उदय हुआ, जिसने न सिर्फ चुनाव जीता, बल्कि आगे चलकर कई कीर्तिमान बनाती जा रही है।

## देश में पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार के पीएम बने मोरारजी देसाई

### 1951 में जनसंघ से शुरुआत, ये रहे अध्यक्ष

यह कहानी भारतीय जनसंघ की स्थापना से शुरू होती है। महात्मा गांधी की हत्या के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने हिंदू महासभा से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने संघ के सहयोग से 21 अक्तूबर 1951 बीजेएस का गठन किया। कश्मीर की जेल में मुखर्जी की मौत हो गई। इसके बाद उपाध्यक्ष चंद्रमौली शर्मा को जनसंघ का अध्यक्ष बनाया गया। उनके बाद प्रेमचंद्र डोगरा, आचार्य डीपी घोष, पीताम्बर दास, ए रामाराव, रघु वीरा, बच्छराज व्यास ने जनसंघ की कमान संभाली। साल 1966 में बलराज मधोक और 1967 में दीनदयाल उपाध्याय अध्यक्ष बने। इनके बाद 1972 तक अटल बिहारी बाजपेयी और 1977 तक लाल कृष्ण आडवाणी अध्यक्ष पद पर रहे।




### 1977 में पहली बार बनी गैर कांग्रेसी सरकार

साल 1977 में भारतीय जनसंघ का अस्तित्व खत्म कर दिया गया। दरअसल, इस समय देश में पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार बनी थी। ऐसे में जनता पार्टी की सरकार में शामिल होने के लिए शर्त रखी गई कि विलय करना होगा। इस तह जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हुआ। जनता पार्टी सरकार में जनसंघ की तरफ से आडवाणी सूचना प्रसारण मंत्री बने थे। अटल बिहारी बाजपेयी विदेश मंत्री बनाए गए थे।

### धीरे-धीरे आज बन गई सबसे बड़ी पार्टी

बता दें कि 2004 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 138 सीटें ही मिलीं। लाल कृष्ण आडवाणी की अगुवाई में 2009 में 116 सीटें आईं। इसके बाद 2014 में 283 सीटों के साथ प्रचंड जीत से नरेंद्र मोदी ने इतिहास रच दिया। अकेले दम पर भाजपा की सरकार बनी। इसके बाद 2019 के आम चुनाव में भाजपा ने 300 से ज्यादा सीट जीतकर इतिहास रच दिया। एनडीए ने 350 से ज्यादा सीटें जीतीं। अब निगाहें 400 पार पर हैं।

### 1984 के चुनाव में भाजपा ने जीतीं 2 सीटें

गौलतलब है कि 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या हो गई। ऐसे में सुहानुभूति लहर के चलते कांग्रेस को 400 से ज्यादा सीटें मिलीं और राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने। बीजेपी के खाते में केवल 2 सीटें गईं। एक सांसद गुजरात के मेहसाणा से एके पटेल और दूसरे आंध्र प्रदेश की हनामकोंडा से चंदू भाई पाटिया जंगारेड्डी चुने गए।

*1989 के चुनाव से भाजपा ने हासिल की बढ़त*
*बता दें कि 1980 से 6 साल तक वाजपेयी भाजपा के अध्यक्ष रहे। उन्हें हटाकर लाल कृष्ण आडवाणी का चेहरा आगे लाया गया। इसके बाद जब 1989 में लोकसभा चुनाव हुआ तो बीजेपी 85 सीटें जीतने में सफल रही।*

# पैसे निवेश करने के कई तरीके, बाजार में उतरने पहले एक बार कर लें रिसर्च



- म्यूचुअल फंड विविध विकल्प प्रदान करते हैं
- एफडी पैसा निवेश करने के सबसे आम तरीकों में से एक व सुरक्षित
- रियल एस्टेट सबसे पसंदीदा निवेश विकल्प
- बुढ़ापे में आर्थिक रूप से सुरक्षित रहने के लिए एनपीएस भी बेहतर

**तैयारी**
बिजनेस डेस्क

आजकल, बहुत से लोग पैसा निवेश करने के सर्वोत्तम तरीकों की तलाश करते हैं, लेकिन ज्यादातर लोग अपनी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने वाले सही निवेश साधन को चुनने में भ्रमित होते हैं। हालांकि, निवेश पैसा या निवेश का निर्णय लेना इतना आसान नहीं है, क्योंकि निवेशक सिर्फ एक साधन में कई उद्देश्यों की तलाश करते हैं। इसलिए एक सवाल उठता है- कहां निवेश करें? वैसे, पैसा निवेश करने के लिए विविध विकल्प हैं। रिपोर्ट में हम आपको कुछ विकल्पों के बारे में जानकारी देंगे जो आपकी निवेश जरूरतों को पूरा करने अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### म्युचुअल फंड

म्यूचुअल फंड्स पैसा निवेश करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक माना जाता है। शब्द के अनुसार, एक म्युचुअल फंड धन का एक सामूहिक पूल है, जिसका उद्देश्य प्रतिभूतियों की खरीद (फंड के माध्यम से) करना है। यह निवेशकों को एक मार्ग प्रदान करता है। पैसे बचाएं और समय के साथ रिटर्न कमाते हैं। म्यूचुअल फंड विविध निवेश विकल्प प्रदान करते हैं जैसे बांड, डेट, इक्विटीज, आदि ये निवेशकों को अलग खरीदारी और व्यापार करने की आवश्यकता के बिना भी निवेश का अच्छा विकल्प प्रदान करते हैं। म्यूचुअल फंड में कई प्रकार से निवेश किया जा सकता है। पैसा निवेश करने की योजना बनाते समय उस पर विचार कर सकते हैं। इसमें निवेशक कम से कम राशि के साथ निवेश शुरू कर सकते हैं। म्युचुअल फंड में 500 रुपये से भी निवेश की शुरूआत की जा सकती है। भारत में 44 म्यूचुअल फंड कंपनियां हैं। जिन्हें संपत्ति प्रबंधन कंपनियां एएमसी कहा जाता है। ये म्यूचुअल फंड योजनाएं प्रदान करती हैं और इन कंपनियों द्वारा ही नियंत्रित किया जाता है।

### सावधि जमा (एफडी)

सावधि जमा यानी एफडी पैसा निवेश करने के सबसे आम तरीकों में से एक है। हर बैंक इसकी सेवाएं प्रदान करता है। एफडी आपको आकर्षक रिटर्न की ओर ले जाती है। एफडी एक निश्चित परिपक्वता अवधि के साथ आती है। चूंकि इसकी परिपक्वता अवधि 15 दिनों से लेकर पांच वर्ष तक होती है, इसलिए इसे अल्पकालिक और दीर्घकालिक निवेश दोनों के लिए माना जा सकता है। इसमें निवेशक औसतन 7 से 9 फीसदी प्रति वर्ष की ब्याज दर से रिटर्न कमा सकते हैं। यदि आप एक सुरक्षित निवेश चाहते हैं तो एफडी पैसे निवेश करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है। इसमें रिटर्न भले ही कम हो लेकिन पैसा सुरक्षित रहता है।

### रियल एस्टेट

सबसे पसंदीदा निवेश विकल्प है रियल एस्टेट रियल एस्टेट। मूल रूप से, अचल संपत्ति निवेश करती है और स्वामित्व, भूमि या संपत्ति (संपत्ति) की खरीद से संबंधित है। किसी भी प्रकार की संपत्ति में निवेश करने से पहले, पहले गहराई से विवरण प्राप्त करना बहुत महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए, आपको संपत्ति/भूमि के स्थान पर विचार करना चाहिए, थोक संपत्तियों की तलाश करनी चाहिए आदि। इसमें निवेश करने के लिए एक बड़ी राशि लग सकती है, लेकिन यह उच्च रिटर्न निवेश के साथ कम जोखिम वाला है। हालांकि, अगर आप पैसे निवेश करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक की तलाश कर रहे हैं तो रियल एस्टेट सोचने लायक है।

### सोना

पैसा निवेश करने के लिए सोना हमेशा सबसे अच्छे तरीकों में से एक रहा है। यह सबका पसंदीदा निवेश माना जाता है। इसमें सालान औसत 7 से 12 फीसदी तक रिटर्न मिल सकता है। इसके अलावा, भारतीयों का पारंपरिक रूप से सोन के के प्रति लगाव भी रहा है। लोगा सोने को हमेशा एक संपत्ति के रूप में देखते हैं, जो समय के साथ धन जमा करता है।

### राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस)

बुढ़ापे में आर्थिक रूप से सुरक्षित रहने के लिए आप राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) सबसे बेहतर निवेश विकल्पों में से एक मान जाता है। यह एक सेवानिवृत्ति बचत योजना है जहां नियोक्ता और कर्मचारी दोनों ही संपत्ति के निर्माण में योगदान करते हैं, जो सेवानिवृत्ति के समय संबंधित कर्मचारी पर बकाया है। एनपीएस भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया है और इस योजना को पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा नियंत्रित किया जाता है। हालांकि, एनपीएस को पैसा निवेश करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक माना जाता है, क्योंकि इसका टैक्स सेविंग निवेश। अगर निवेशक सालाना 1.5 लाख तक निवेश करते हैं तो वे टैक्स बचत कर सकते हैं। टैक्स कटौती की धारा 80सी के तहत इसमें टैक्स लाभ मिलता है। 18 से 60 वर्ष की आयु वर्ग का हर भारतीय नागरिक अस योजना में निवेश कर सकता है। अगर आपको अचानक नुकसान होने का डर है, या आप अपने परिवार के जीवन की रक्षा करना चाहते हैं, तो बीमा पैसा निवेश करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है। बीमा आपको और आपके परिवार को आजीवन सुरक्षा प्रदान करता है। लोग जीवन में अनिश्चित समय के दौरान बीमा को रीढ़ की हड्डी के रूप में चुनते हैं।

# इस साल बेहतर हो सकते हैं मल्टी एसेट अलोकेशन फंड

**उम्मीद**
बिजनेस डेस्क

- नए फाइनेंशियल इयर में सधे कदमों से करें निवेश की तैयारी
- निवेशकों लिए बेहतर हो सकते हैं मल्टी एसेट अलोकेशन फंड
- निवेशक फीचर्स और रिटर्न देखकर ही करें निवेश का फैसला

नया फाइनेंशियल ईयर शुरू हो गया है। ऐसे में आपके लिए अपने पोर्टफोलियो का आकलन करने का समय आ गया है। मौजूदा समय में बाजार अपने आलटाइम हाई के करीब हैं और बीते एक साल की बात करें तो लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप हर सेगमेंट में जोरदार रैली देखने को मिली है। लार्जकैप इंडेक्स निफ्टी करीब 28 फीसदी तो मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स 60 फीसदी से ज्यादा मजबूत हुए हैं। ऐसे में आगे इनमें बिकवाली संभव है। ऐसे में नए फाइनेंशियल की शुरूआत में निवेशकों के लिए मल्टी एसेट अलोकेशन स्ट्रैटेजी बेहतर हो सकती है, जिसके लिए मल्टी एसेट अलोकेशन फंड बेहतर विकल्प हैं। एक्सपर्ट भी कहते हैं कि जब भी बाजार को लेकर आशंका हो अपना पार्टफोलियो डाइवर्सिफाइड करें।

### क्या है एसेट अलोकेशन

मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड निवेशकों को एक एकल निवेश प्रदान करते हैं जो ऋण, इक्विटी और एक अतिरिक्त परिसंपत्ति वर्ग जैसे रियल एस्टेट, सोना इत्यादि को जोड़ता है। इसके अलावा, ये योजनाएं विभिन्न परिसंपत्ति आवंटन एल्गोरिदम को नियोजित करती हैं जो बदलती बाजार स्थितियों पर प्रतिक्रिया देने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। इसका मतलब है डाइवर्सिफाइड पोर्टफोलियो। यानी पोर्टफोलियो में अलग अलग एसेट क्लास को कुछ न कुछ हिस्सा देना। किस एसेट क्लास का कितना हिस्सा हो, यह निवेशक के रिस्क लेने और फाइनेंशियल गोल के अनुसार होना चाहिए। अलग में अलग अलग एसेट क्लास अलग अलग साइकिल में मार्केट लीडर बन सकते हैं यानी उनका प्रदर्शन अलग अलग साइकिल में अलग अलग हो सकता है। ऐसे में अगर कभी डेट में गिरावट आती है तो इक्विटी उसे बैलेंस कर सकता है। वहीं इक्विटी या डेट में गिरावट को गोल्ड या कमोडिटी से बैलेंस किया जा सकता है।

### ये फंड हैं बेस्ट विकल्प

साल 2024 जहां शेयर बाजार के लिए उतार चढ़ाव भरा साबित हो रहा है, मल्टी एसेट अलोकेशन म्यूचुअल फंड फोकस में हैं। इस साल अब तक मल्टी एसेट अलोकेशन फंड का एवरेज रिटर्न सेंसेक्स और निफ्टी इंडेक्स से ज्यादा रहा है। वहीं, हाइब्रिड कैटेगरीज में इस कैटेगरी का रिटर्न इस साल अब तक सबसे ज्यादा रहा है। मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड निवेशकों को सिंगल इन्वेस्टमेंट के जरिए डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो प्रदान करते हैं। इनका निवेश इक्विटी, डेट, गोल्ड के अलावा रियल एस्टेट जैसे एसेट क्लास में होता है। इनकी यही खासियत निवेशकों को बेस्ट रिस्क-एडजस्टेड रिटर्न प्रदान करने की क्षमता रखती है। इन फंडों का उद्देश्य कई एसेट क्लास में मल्टी-एसेट अलोकेशन के माध्यम से निवेश पोर्टफोलियो को बढ़ाना व डाइवर्सिफिकेशन लाना है।

### किसे करना चाहिए निवेश

मल्टी-एसेट एलोकेशन म्यूचुअल फंड उन निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प है, जिनकी जोखिम लेने की क्षमता कम है, लेकिन वे अपने निवेश पर स्टेबल रिटर्न चाहते हैं। वहीं, जो निवेशक अपने पोर्टफोलियो में अलग अलग प्रमुख एसेट क्लास में डाइवर्सिफिकेशन चाहते हैं, उनके लिए भी विकल्प बेहतर हैं।

### 1 साल से 10 साल में रिटर्न

मल्टी एसेट अलोकेशन फंड की बात करें तो इस कैटेगरी ने 1 साल, 3 साल, 5 साल और 10 साल में लगातार हाई रिटर्न दिया है। इन फंडों का एवरेज रिटर्न 1 साल में 26.43 फीसदी, 3 साल में 15.04 फीसदी, 5 साल में 13.81 फीसदी और 10 साल में 10.72 फीसदी रहा है। साल 2024 में अबतक इनका एवरेज रिटर्न करीब 4.23 फीसदी है, जो सेंसेक्स व निफ्टी की तुलना में ज्यादा है।

**5 साल में टॉप स्कीम**

- क्वांट मल्टी एसेट अलोकेशन फंड: 28.54%
- कोटक मल्टी एसेट अलोकेशन फंड एफओएफ : 20.49%
- आईसीआईसीआई प्रू मल्टी एसेट अलोकेशन फंड: 19.63%
- एबीएसएल फाइनेंशियल प्लानिंग एफओएफ एग्रेसिव: 15.78%
- एचडीएफसी मल्टी एसेट अलोकेशन फंड: 15%

# बिटकॉइन, सोना, शेयर या बॉन्ड....किसमें करें निवेश



**निवेश मंत्रा**
बिजनेस डेस्क

- इस समय सभी एसेट्स ऑल-टाइम हाई के करीब कर रहे हैं ट्रेड
- निवेशक हो रहे कनफ्यूज क्या करें, क्या न करें, क्या रहेगा बढ़िया
- सेंसेक्स और निफ्टी50 अपने उच्चतम स्तर के करीब पहुंचे
- ब्याज दरों में कटौती की संभावना से डेट फंड्स भी बेहतर
- सोना भी ऑल-टाइम हाई पर, पोर्टफोलियो का 15 से 20 फीसदी निवेश करें
- बिटकॉइन सबसे रिस्की, लेकिन दे रहा सबसे ज्यादा रिटर्न

*इस समय शेयर बाजार, सोना, बिटकॉइन समेत सभी एसेट्स अपने ऑल-टाइम हाई के करीब ट्रेड कर रहे हैं। बिटकॉइन ने पिछले सप्ताह नया रिकॉर्ड बनाया था। ब्याज दरों में कटौती की संभावना के बाद डेट फंड्स में भी अच्छा रिटर्न मिलने की उम्मीद दिख रही है। ऐसी स्थिति में निवेश कनफ्यूज हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि अपना पैसा कहां निवेश करें। बाजार में हमेश रिस्क चलता रहता है। इसलिए कोई भी कदम उठाने से पहले एक बार अपने लक्ष्य और रिस्क क्षमता को देख लें तो बेहतर होगा।*

निवेशकों में आजकल कनफ्यूजन की स्थिति है। इसकी वजह यह है कि निवेश के सभी विकल्पों में तेजी दिख रही है। घरेलू शेयर बाजार अपने ऑल-टाइम हाई के करीब ट्रेड कर रहे हैं। सोना भी अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच चुका है। क्रिप्टो मार्केट में भी बहार आई हुई है। बिटकॉइन ने पिछले हफ्ते नया रेकॉर्ड बनाया था। ब्याज दरों में कटौती की संभावना के बाद डेट फंड्स में भी अच्छा रिटर्न मिलने की उम्मीद दिख रही है। ऐसी स्थिति में इन्वेस्टर्स कनफ्यूज हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि अपना पैसा कहां निवेश करें। हालांकि कहा जाता है कि म्युचुअल फंड पैसा निवेश करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है। लेकिन इस समय निवेश के सभी विकल्प गुलजार हैं। ऐसे में सभी ज्यादा से ज्यादा लाभ लेना चाहते हैं और निवेश के लिए तमाम जतन कर रहे हैं। इा रिपोर्ट के जरिये हम आपको बताएंगे कि जब हर तरह का बाजार बुलंदी पर हो तो क्या करना चाहिया या निवेश का कौना सा तरीका बेस्ट हो सकता है।



### डेट

मीडियम-टर्म गोल के लिए डेट बेस्ट एसेट क्लास है। ब्याज दरों में कटौती की संभावना से डेट फंड्स पर ज्यादा रिटर्न मिलने की उम्मीद है। इंटरेस्ट रेट में कमी आती है तो बॉन्ड की कीमतें बढ़ती हैं। इसमें ज्यादा जोखिम भी नहीं रहती है। जो निवेशक ज्यादा जोखिम नहीं लेना चाहते हैं, वे अपने पोर्टफोलियो का 40 परसेंट डेट में निवेश कर सकते हैं। इसी तरह 40 फीसदी इक्विटी में और बाकी 20 फीसदी दूसरे एसेट क्लास में निवेश किया जा सकता है।

### गोल्ड

सोना भी ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। देश में इसका भाव 67,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया है जो इसका नया रेकॉर्ड है। जानकारों की मानें को निवेशक को अपने पोर्टफोलियो का 15 से 20 फीसदी सोने में निवेश करना चाहिए। पिछले 20 साल में गोल्ड ने 11 फीसदी से अधिक सालाना रिटर्न दिया है जबकि इस दौरान चांदी की सालाना रफ्तार नौ फीसदी रही है। हाल के वर्षों में चांदी ने सोने से बेहतर रिटर्न दिया है।



### इक्विटी

प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी-50 अपने उच्चतम स्तर के करीब ट्रेड कर रहे हैं। जानकारों की मानें तो निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में सबसे ज्यादा इक्विटी में निवेश करना चाहिए। इसमें भी एसआईपी सबसे बेहतर विकल्प है। निवेशक के पोर्टफोलियो में 20 परसेंट पैसिव लार्ज-कैप फंड, 50 परसेंट फ्लेक्सी-कैप फंड और 30 परसेंट मिड-कैप फंड होना चाहिए। इससे आपके पोर्टफोलियो का डाइवर्सिफिकेशन होगा और जोखिम में संतुलन रहेगा।

### बिटकॉइन

क्रिप्टोकरेंसीज की कीमत में हाल के दिनों में भारी तेजी देखने को मिली है। दुनिया की सबसे पुरानी, सबसे लोकप्रिय और सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत पिछले हफ्ते ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई। भारत में सरकार ने क्रिप्टोकरेंसीज को रेगुलेट नहीं किया है। ऐसे में जानकारों का कहना है कि क्रिप्टो में अपने पोर्टफोलियो का 5-10 फीसदी से ज्यादा निवेश नहीं करना चाहिए। हालांकि हाल के वर्षों में बिटकॉइन ने सबसे ज्यादा रिटर्न दिया है।

### कितना कैश होना चाहिए

जानकारों का कहना है कि सारा पैसा निवेश करना सही नहीं है। आपात स्थिति के लिए आपके सेविंग अकाउंट में कम से कम छह महीने की जरूरत के लिए कैश होना चाहिए। शेयर मार्केट में स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में गिरावट की आशंका है। निवेशक को अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने की जरूरत है। आदर्श स्थिति देखें तो निवेशक को अपने पोर्टफोलियो का 50 फीसदी इक्विटी में, 20 परसेंट डेट में, 10 फीसदी गोल्ड में, 10 फीसदी कैश में, 5 फीसदी सिल्वर में और 5 फीसदी क्रिप्टो में निवेश करना चाहिए।

**सुझाव** कई स्कीमों ने 41 से 68% तक का सालाना रिटर्न दिया, एक साल में रिटर्न में स्मॉलकैप का प्रदर्शन दूसरे इक्विटी फंडों से बेहतर

# स्मॉलकैप फंड निवेशकों को बना रहे धनवान, लेकिन सावधानी रखें

## औसतन रिटर्न 53 फीसदी रहा, निवेशकों ने करोड़ों रुपये कमाए

**अलर्ट**
बिजनेस डेस्क

निवेश यानी बचत हर किसी को करनी चाहिए, क्योंकि इससे भविष्य आर्थिक रूप से मजबूत होता है। बचत बच्चों की पढ़ाई, शादियों और बुढ़ापे में काफी मददगार साबित होते हैं। इसलिए हर किसी को अपनी कमाई का कम से कम 10 फीसदी तो जरूर बचत करना चाहिए। जानकारों का कहना है कि इस बचत को सावधानी के साथ यदि म्यूचुअल फंड में निवेश किया जाए तो अच्छा खास फंड बनाया जा सकता है। इन दिनों स्मॉलकैप शेयर काफी चर्चा में हैं। बीते 1 साल के दौरान इन्होंने आउटपरफॉर्म किया है। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स ने फाइनेंशियल ईयर 2024 में करीब 65 फीसदी रिटर्न दिया है, जबकि लार्जकैप का रिटर्न 25 फीसदी रहा है, इस दौरान कई स्मॉलकैप स्टॉक में 100 फीसदी या इससे ज्यादा तेजी आई है। फिलहाल स्मॉलकैप की इस तेजी का फायदा म्यूचुअल फंड निवेशकों को भी मिला है। बीते फाइनेंशियल ईयर में स्मॉलकैप फंड रिटर्न देने के मामले में इक्विटी कैटेगरी में नंबर 1 साबित हुए हैं। देखने में आ रहा है कि स्मॉलकैप फंड निवेशकों को मालामाल कर रहे हैं, लेकिन निवेश करने से पहले अपने लक्ष्य तय करें और पोर्टफोलियों में डायवर्सिटी रखें इससे आपको नुकसान नहीं होगा। बाजार के जानकारों का कहना कि किसी भी एसेट्स में निवेश से पहले सावधानी बरतें, यानी जिस फंड में निवेश करने जा रहे हैं उसे एक बार अच्छे से जांच परख लें।

*एक साल में रिटर्न देने के मामले में स्मॉलकैप फंड का प्रदर्शन दूसरे इक्विटी फंड कैटेगरी से बेहतर रहा है। इनका औसतन रिटर्न 53 फीसदी रहा। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि इक्विटी कैटेगरी में 1 साल का औसत रिटर्न कितना रहा।*



### ऐसे समझें रिटर्न

- स्मॉलकैप फंड: 53 फीसदी
- मिडकैप फंड: 52.60 फीसदी
- लार्जकैप फंड: 41 फीसदी
- लार्ज एंड मिडकैप फंड: 44 फीसदी
- फ्लेक्सी कैप फंड: 39.67 फीसदी
- मल्टीकैप फंड: 45.62 फीसदी
- ईएलएसएस: 39.37 फीसदी
- वैल्यू ओरिएंटेड: 50 फीसदी
- (वित्त वर्ष 24: इन 30 इक्विटी स्कीम में 50 से 72% बढ़ा पैसा।)

### टॉप परफॉर्म करने वाले म्यूचुअल फंड

- क्वांट स्मॉल कैप: 68%
- निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप: 57%
- इनवेस्को इंडिया स्मॉलकैप: 55%
- बैंक ऑफ इंडिया स्मॉल कैप: 51%
- एडलवाइस स्मॉल कैप: 50%
- एचएसबीसी स्मॉल कैप: 49%
- आईसीआईसीआई प्रू स्मॉलकैप: 43%
- एक्सिस स्मॉल कैप: 41%
- केनरा रोबेको स्मॉल कैप: 41%
- टाटा स्मॉल कैप: 41%

### छोटी कंपनियों के शेयर क्यों चढ़े

जानकारों का कहना है कि मौजूदा वित्त वर्ष में सेंसेक्स की तुलना में छोटी कंपनी के शेयरों का बेहतर प्रदर्शन भारतीय घरेलू बाजार की गतिशील प्रकृति और निवेशकों को प्रदान किए जाने वाले विविध अवसरों को दर्शाता है। विश्लेषकों के अनुसार, छोटी कंपनियों के शेयर आमतौर पर स्थानीय निवेशकों द्वारा खरीदे जाते हैं, जबकि विदेशी निवेशक बड़ी कंपनियों के शेयर पर ध्यान केंद्रित करते हैं। निवेशकों के सेंटीमेंट में यह बदलाव भारत में मजबूत व्यापक आर्थिक स्थितियों से प्रेरित है। यह परंपरागत रूप से आर्थिक विस्तार की अवधि के दौरान छोटी कंपनियों के शेयरों में तेज ग्रोथ को बढ़ावा देता है।

### क्या होते हैं स्मॉलकैप फंड

स्मॉलकैप फंड की बात करें तो ये मार्केट कैप के लिहाज से स्मॉल कैप कंपनियों के स्टॉक और इक्विटी-रिलेटेड विकल्पों में निवेश करते हैं। सेबी के अनुसार, मिड कैप कंपनियां, मार्केट कैपिटलाइजेशन में 250 से 500 के बीच रैंक की जाती हैं। ये फंड आमतौर पर लार्ज-कैप और मिडकैप फंडों की तुलना में बेहतर रिटर्न देते हैं, लेकिन उनकी तुलना में इसमें अस्थिरता ज्यादा होती है। बाजार में गिरावट आने पर स्मॉलकैप में गिरावट दूसरे सेगमेंट की तुलना में ज्यादा हो सकती है। उसी तरह तेजी आने पर ये लार्जकैप या मिडकैप की तुलना में ज्यादा रिटर्न भी देते हैं। फाइनेंशियल एडवाइजर से सलाह ली जाए तो ये रिस्क और रिटर्न का सही संयोजन हो सकते हैं।

### स्मॉलकैप फंड में कौन करे निवेश

अगर बाजार का रिस्क लेने को तैयार हैं और आपके निवेश का लक्ष्य 7 साल से 10 साल का है तो स्मॉलकैप फंड हाईरिटर्न पाने के लिए बेहतर विकल्प माने जाते हैं। लंबी अवधि तक निवेश बनाए रहने से बाजार का जोखिम कम हो जाता है। इनका एवरेज रिटर्न बेहतर हो जाता है। ऐसे में अगर युवा हैं और रिस्क लेने को तैयार हैं, तो आप फाइनेंशियल एडवाइजर की सलाह लेकर इन स्कीम में निवेश कर सकते हैं।

# आईपीएल : सूर्यकुमार की वापसी से मुंबई मजबूत, दिल्ली भी जीत के लिए बेकरार

नई दिल्ली ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग में अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए रविवार को जब यहां एक दूसरे का सामना करेंगे तो निगाहें सूर्यकुमार यादव पर टिकी रहेंगी जो चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। मुंबई ने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और वह अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। दिल्ली की स्थिति भी अच्छी नहीं है तथा चार मैच में एक जीत से वह 10 टीमों की तालिका में नौवें स्थान पर है। इस तरह से दोनों टीम पर वापसी करने का दबाव है।



## तीन महीने से थे बाहर

सूर्यकुमार इस मैच में वापसी कर सकते हैं तथा आईपीएल के तुरंत बाद होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। सूर्यकुमार चोटिल होने के कारण पिछले तीन महीने से बाहर हैं। उन्होंने शुक्रवार को अभ्यास सत्र में भाग लिया और वह किसी भी तरह से असहज नहीं दिख रहे थे।

## हर विभाग में खराब प्रदर्शन

मुंबई की टीम ने अभी तक हर विभाग में खराब प्रदर्शन किया है। बल्लेबाजी में रोहित शर्मा और ईशान किशन ने उसे अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन यह दोनों बल्लेबाज बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे हैं। तिलक वर्मा और नमन धीर पर भी यह बात लागू होती है। कप्तान हार्दिक पंड्या भी अभी तक अच्छा प्रदर्शन करके टीम को प्रेरित करने में नाकाम रहे हैं। उन्हें प्रशंसकों की नाराजगी भी झेलनी पड़ी है। जहां तक मुंबई के गेंदबाजी विभाग का सवाल है तो आकाश मधवाल को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाया है।



## पंत को नहीं मिल रहा सहयोग

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने पिछले दो मैच में अर्धशतक जमाकर लय हासिल कर ली है लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल पा रहा है। पंत ने अभी तक चार मैच में 152 रन बनाए हैं। दिल्ली के गेंदबाजों ने पिछले मैच में बेहद खराब प्रदर्शन किया था। दिल्ली को डेविड वार्नर से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। उनके अलावा पृथ्वी भी वानखेड़े में अपने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे।




## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| चेन्नई | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 4 | 2 | 2 | 4 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| बेंगलोर | 4 | 1 | 3 | 2 |
| दिल्ली | 4 | 1 | 3 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
203 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

## बाउंड्री मीटर

507 चौके

326 छक्के

## खबर संक्षेप



### पेगुला चार्ल्सटन ओपन के अंतिम-4 में पहुंची

**चार्ल्सटन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने तीसरे सेट के टाईब्रेकर में चार मैच प्वाइंट बचाये और विक्टोरिया अजारेंका को 6-4, 3-6, 7-6 (7) से हराकर चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेगुला फाइनल में जगह बनाने के लिए डारिया कसाटकिना से भिड़ेंगी जिन्होंने जैकलीन क्रिस्टियन को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-7 (4), 6-2, 6-3 से पराजित किया। डेनियल कोलिन्स ने एलिस मर्टेंस को 6-3, 6-4 से हराया। कोलिन्स की यह लगातार 11वीं जीत है। मारिया सकारी ने 2021 की चार्ल्सटन चैंपियन वेरोनिका कुडरमेतोवा को 6-2, 6-4 से हराया।

# भारत को हॉकी में मिली करारी हार ऑस्ट्रेलिया ने 5-1 से जीता टेस्ट मैच

दोनों देशों के बीच खेली जा रही पांच मैचों की श्रृंखला

नई दिल्ली ▶▶| पर्थ

भारतीय पुरुष हॉकी टीम से उम्मीद की जा रही थी कि वह ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम को कड़ी चुनौती देगी लेकिन शनिवार को यहां पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में ऐसा कुछ नहीं देखने को मिला और मेहमान टीम को 1-5 से करारी हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने खेल शुरू होने से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा। भारतीय टीम ने अंतिम क्वार्टर में कुछ अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टॉम विकम (20वें, 38वें मिनट) ने दो गोल, जबकि टिम ब्रांड (तीसरे), जोएल रिंटाला (37वें) और फ्लिन ओगिलवी (57वें) ने एक-एक गोल किया। भारत के लिए एकमात्र गोल गुरजंत सिंह ने 47वें मिनट में किया। इन दोनों टीम के बीच रविवार को दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया पेरिस ओलंपिक की तैयारी के सिलसिले में यह श्रृंखला खेल रहे हैं।



**क्वार्टर 1**

### तीसरे मिनट में गोल

ऑस्ट्रेलिया की टीम ने खेल शुरू होते ही अपने इरादे जतला दिए थे और उसने तीसरे मिनट में ही पहला गोल कर दिया। ब्रांड को लंबा पास मिला और उन्होंने भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को छकाकर गोल दाग दिया। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद भी भारतीय रक्षा पंक्ति को दबाव में रखा। उसने आठवें मिनट में पहला पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन इस बार श्रीजेश ने अच्छा बचाव किया। ऑस्ट्रेलिया को इसके एक मिनट बाद दूसरा पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन इस बार भी श्रीजेश ने रिंटाला के शॉट को रोक दिया।

**क्वार्टर 2**

### 2-0 की बढ़त

भारतीय रक्षापंक्ति की गलती के कारण ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर के पांचवें मिनट में अपनी बढ़त 2-0 कर दी और मध्यांतर तक इसे बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे हाफ में भी अपना आक्रामक रवैया जारी रखा।

**क्वार्टर 3**

### 4-0 से आगे कंगारू

तीसरे क्वार्टर के सातवें मिनट में रिंटाला ने काइ विलोट के रिवर्स हिट को डिफलेक्ट करके गोल किया। विकम ने इसके तुरंत बाद दाएं कॉर्नर से करारा शॉट लगाकर अपना दूसरा और ऑस्ट्रेलिया की तरफ से चौथा गोल किया। चार गोल से पिछड़ने के बाद भारतीयों ने कुछ तत्परता दिखाई लेकिन वह मौके बनाने में नाकाम रहे। तीसरे क्वार्टर में भारत दो बार गोल करने की स्थिति में पहुंचा था लेकिन ऑस्ट्रेलिया के गोलकीपर एंड्र्यू चार्टर ने आसानी से उसके प्रयासों को विफल कर दिया।

**क्वार्टर 4**

### गुरजंत का सांत्वना गोल

ऑस्ट्रेलिया ने चौथे क्वार्टर के शुरू में पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। भारत में इसके तुरंत बाद जवाबी हमला किया और मोहम्मद रहील के पास पर गुरजंत गोल करने में सफल रहे। भारत ने इसके बाद कुछ अच्छे मूव बनाए लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया की रक्षा पंक्ति में सेंध नहीं लगा सके। भारत ने इसके बाद लगातार दो पेनल्टी कार्नर हासिल किए लेकिन कप्तान हरमनप्रीत सिंह इन पर गोल नहीं कर पाए। ऑस्ट्रेलिया ने खेल समाप्त होने से तीन मिनट पहले पेनल्टी कार्नर हासिल किया जिसे ओगिलवी नेगोल में बदला।

खास खबर

# भांबरी और ओलिवेटी सेमीफाइनल से बाहर



*__मराकेश।__ भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी यहां एटीपी मराकेश ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रिया के लुकास मीडलर और अलेक्जेंडर एर्लर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से हार कर बाहर हो गए। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी को एटीपी 250 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 5-7, 6-3, 7-10 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी। मीडलर और एर्लर की जोड़ी ने पहला सेट जीता लेकिन भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर शानदार वापसी की। सुपर टाइब्रेकर में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन आखिर में मीडलर और एर्लर जीत दर्ज करने में सफल रहे। भांबरी और ओलिवेटी ने इससे पहले तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस बैरिएंटोस और राफेल माटोस को हराकर पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।*

## हॉकी के पूर्व खिलाड़ियों ने सीखे विशेष गुर



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने कोचिंग में एकरुपता और निरंतरता लाने के उद्देश्य से पूर्व खिलाड़ियों के लिए एक नया कोचिंग कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें भारत के पूर्व ड्रैग फ्लिकर और गोलकीपर रुपिंदर पाल सिंह, वीआर रघुनाथ, एड्रियन डिसूजा और भरत छेत्री ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार इस विशेष कोचिंग कार्यक्रम का आयोजन हाई परफार्मेंस निदेशक हरमन क्रूज की देखरेख में बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण में किया गया। योगिता बाली, हेलेन मैरी, दीपिका मूर्ति, आकाश चिकटे, पीटी राव, पूर्व ड्रैग फ्लिकर गुरजिंदर सिंह और जसप्रीत कौर ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

**नई दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार को हैम्बर्ग में जर्मन ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के इयान योव एनजी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा।

# राजस्थान की लगातार चौथी जीत:बटलर ने छक्के से जिताया, शतक भी पूरा किया

नई दिल्ली ▶▶| जयपुर

इंडियन प्रीमियर लीग-2024 में राजस्थान रॉयल्स ने लगातार चौथी जीत दर्ज की है। टीम ने अब होम ग्राउंड जयपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की यह 17वें सीजन में चौथी हार है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 20 ओवर में 3 विकेट 183 रन बनाए। राजस्थान रॉयल्स ने 19.1 ओवर में 4 विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया।

- कोहली ने सीजन की पहली सेंचुरी जमाई



जोस बटलर ने आखिरी ओवर डालने आए कैमरन ग्रीन की पहली बॉल पर छक्का जमाते हुए टीम को जीत दिलाई और 58 बॉल पर शतक भी पूरा किया। कप्तान संजू सैमसन ने 69 रन बनाए। बटलर-सैमसन ने 148 रन की मैच विनिंग पार्टनरशिप की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से विराट कोहली ने सीजन की पहली सेंचुरी लगाई, उन्होंने 73 बॉल पर 113 रन बनाए, लेकिन उनकी टीम स्कोर डिफेंड नहीं कर सकी।

# अनुपमा और थारुन ने जीता अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिताब

नई दिल्ली ▶▶| अस्ताना



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय और थारुन मन्नेपल्ली ने शनिवार को उरालस्क में कजाखस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब अपने नाम किए। अल्मोड़ा की 19 साल की अनुपमा ने पिछले महीने पोलिश अंतरराष्ट्रीय चैलेंज में जीत हासिल की थी। उन्होंने फाइनल में 41 मिनट में हमवतन इशारानी बरुआ पर 21-15, 21-16 से जीत दर्ज कर लगातार दूसरा खिताब हासिल किया। वहीं पिछले साल दिसंबर में गुवाहाटी में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उपविजेता रहे 22 वर्षीय थारुन ने आठवें वरीय मलेशिया के सूंग जू वेन को 21-10, 21-19 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता। मिश्रित युगल के फाइनल में भारत के संजय श्रीवत्स धनराज और मनीषा के की जोड़ी को मलेशिया के वोंग टीएन सी और लिम चिव सिएन की जोड़ी से 21-9, 7-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। अनुपमा ने 2021 में इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज, पोलिश ओपन (2022 और 2024) और 2023 में ताजिकिस्तान इंटरनेशनल सीरीज जीती है।

**आम सूचना**

मैं लक्ष्मण सिंह ठाकुर उम्र 42 वर्ष पिता श्री वी. एस. ठाकुर जाति क्षत्रीय निवासी बी-16 महावीर नगर नर्मदा नगर चौक मंगला बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. का हूँ। मैं सर्वसाधारण के लिये आम सूचना प्रकाशित कराता हूँ मैने दिनांक 28.11.2023 को क्रेता मुकेश साहू आयु 31 वर्ष पिता श्री भागबली जाति तेली निवासी वार्ड नं 08 शांति नगर तिफरा तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. एवं श्री राहुल सिंह उम्र 37 वर्ष पिता श्री प्रकाश सिंह गौतम निवासी वार्ड नं 04 गोकूल धाम आवासपारा पानी टंकी घुरु तह, सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. एक इकरारनामा निष्पादित किया गया था। इस इकरारनामा में मेरे हक स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि ग्राम घुरु प.ह.न. 43 रा.नि.मं. सकरी तह सकरी जिला बिलासपुर छ.ग.में ख.न. 592/5, 592/8 कुल रकबा 94 डिसमील स्थित है जिसे बेचने के लिये मैने उक्त क्रेतागण से उक्त दिनांक को इकरारनामा किया था किन्तु इकरारनामा में 94 डिसमील के स्थान में 1 एकड़ भूमि भूलवश लिखा गया है। इकरारनामा के अनुसार मैने पचास हजार रुपये बतौर बयाना चेक क्र. 051142 भारतीय स्टेट बैंक तिफरा प्राप्त करना दर्शित है और उक्त भूमि का कुल 2 करोड़ 90 लाख रुपये में विक्रय करने का पक्का सौदा निष्पादित किया गया है। मुझे इकरारनामा निष्पादित करने के लगभग 1 माह बाद जानकारी मिली कि क्रेतागण फर्जी व्यक्ति है और क्रेतागण उक्त भूमि को लेने में सक्षम नही है और ना ही इनके पास आर्थिक क्षमता है। इस प्रकार सत्यता की जानकारी होने पर मैं आज इस आम सूचना के जरिये दिनांक 28.11.2023 को निष्पादित इकरारनामा को निरस्त घोषित करता हूँ, इसके संबंध में विधिक कार्यवाही भी जारी है। उक्त इकरारनामा में दर्शित 50000/- (पचास हजार रुपये) बयाना राशि उपरोक्त कारण से प्राप्त नही किया हूँ और ना ही किसी भी प्रकार के राजस्व दस्तावेज क्रेतागण को प्रदान किया हूँ। इस आम सूचना से मैं यह भी अपील करता हूँ कि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में उपरोक्त क्रेतागण से कोई भी व्यक्ति संस्था निकाय किसी भी प्रकार का लेनदेन ना करें। यदि कोई करता है तो स्वंय जिम्मेदार होगा। अतः उपरोक्त क्रेतागण से सावधान रहे। इसके साथ-साथ उपरोक्त क्रेतागण द्वारा उपरोक्त भूमि के आसपास तथा उपरोक्त भूमि में किसी प्रकार का दखल व दावा किये जाने पर उसे व्यर्थ व अर्थहीन समझा जाये।

अतः यह आम सूचना उपरोक्त इकरारनामा के निरस्तीकरण हेतु आज प्रकाशित की जा रही है।

सो सूचना जाने।

दिनांक 06.04.2024

भवदीय
लक्ष्मण सिंह ठाकुर
निवासी बी-16 महावीर नगर नर्मदा नगर चौक मंगला बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 9826177784

टी20 विश्व कप में चयन की संभावना पर बोले गांगुली

# शानदार फॉर्म में हैं पंत, कुछ मैच हो जाने दीजिए

नई दिल्ली ▶▶| मुंबई

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि ऋषभ पंत पूरी तरह से फिट हैं लेकिन वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चयन के लिए खुद को तैयार करने में उन्हें कुछ और समय दिया जाना चाहिए। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने दिसंबर 2022 की कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद आईपीएल के मौजूदा सत्र के जरिए वापसी की है। यह पूछने पर कि क्या पंत



भारतीय टीम में चयन के लिए तैयार हैं, दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक गांगुली ने टीम के अभ्यास सत्र के बाद कहा, 'कुछ मैच हो जाने दीजिए। वह अच्छा खेल रहा है। विकेटकीपिंग, बल्लेबाजी सब कुछ अच्छा किया है। उसका फॉर्म शानदार है। एक हफ्ता और बीत जाने दीजिए, फिर आपके सवाल का जवाब दे सकूंगा। यह भी देखना होगा कि चयनकर्ता उसे लेना चाहते हैं या नहीं। वह फिट है, पूरी तरह से फिट।'
दिल्ली का सामना वानखेड़े स्टेडियम पर रविवार को मुंबई इंडियंस से होगा। गांगुली ने कहा कि वह टीम की गेंदबाजी से संतुष्ट है लेकिन एक अतिरिक्त बल्लेबाज की जरूरत है।

## प्रशंसकों को हार्दिक की हूटिंग नहीं करनी चाहिए : गांगुली

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या की हूटिंग करने वाले प्रशंसकों की निंदा करते हुए कहा कि इसमें खिलाड़ी की कोई गलती नहीं है कि उन्हें उनके पसंदीदा रोहित शर्मा की जगह दी गई है। जब से मुंबई इंडियंस ने घोषणा की है कि पंड्या पांच बार की चैंपियन टीम की कप्तानी करेंगे तब से उन्हें प्रशंसकों के कोपभाजन का शिकार होना पड़ रहा है। अहमदाबाद में अपनी पिछली फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर अपने पहले मैच में उनकी हूटिंग की गई। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के लिए जब वह हैदराबाद गए, तब भी यह सिलसिला जारी रहा।

## खिलाड़ियों का समर्थन जारी रखेगा चेन्नई

**हैदराबाद।** तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी के सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मैच में खराब प्रदर्शन के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि उनकी टीम नए नायकों की तलाश में अपने खिलाड़ियों का समर्थन जारी रखेगी।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**एस्कॉर्ट बैरक का निर्माण हेतु निविदा सूचना**

**क्र.सं. (1) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-03-24-25, दिनांक 01-04-2024**

**कार्य :** वरिष्ठ मंडल अभियंता/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आरजीएम साइडिंग के शेष कार्य का निर्माण और उसलापुर में 12 बिस्तरों वाले आरपीएफ महिला एस्कॉर्ट बैरक का निर्माण। निविदा मूल्यः 1,93,88,896.94/-, **अमानत राशिः** ₹ 2,47,000.00/-,**कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह। **निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः** 22.04.2024 के 11.00 बजे से। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः** 06.05.2024 के 11.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/01

South East Central Railway @secrail

**FORM NO. IV**
(See-sub-rule (2A) of rule 5)
Summon under sub-section 19 of the Act, read with sub rule (2A) of rule 5 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993.
**BEFORE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR AT**
(H.No.797-II, "Shantikunj" South Civil Lines), JABALPUR (M.P.) 482001.
**CASE No. OA No. 544/2023**

**BANK OF INDIA** ... APPLICANT
VERSUS
**M/s. Optical Solution & Anr.** ... DEFENDANTS

To,
1. **M/s. Optical Solution**
Through its Proprietor - Shri Bijan Kumar Shome
R/o. Near Company Garden, Pt. Devkinandan Chowk, Bilaspur (C.G.) - 495001. **(Borrower)**
2. **Bijan Kumar Shome**
S/o. Shri Binay Bhushan Shome.
R/o. Shome Gali, Kasimpara, Bilaspur (C.G.) - 495001.

Whereas, O.A. No. 544/23 was listed before Hon'ble Presiding Officer on **3/5/2024.**
Whereas, the Hon'ble. Tribunal Please to issue summons/notice on the said application under 19(4)of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of **Rs. 60,96,394.27/-** with expenses & future interest. (application along with copies of documents etc. annexed).
In accordance with sub section (4) of section 19 of the act, you, the defendants are directed as under:
(i) To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.
(ii) To disclosed particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under Serial No.3A of the Original Application.
(iii) You are restrained from dealing with of disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial Number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.
(iv) You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal.
(v) You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets..

You are also directed to the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on 08/07/2024 at 10.30 a.m. failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Given under my hand and the seal of this Tribunal on this 28th day of March 2024.
By Order of the Tribunal

Seal

Registrar
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

**FORM NO. 4**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL**
(H.No. 797-II, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur (M.P.)
(Area for Jurisdiction- Madhya Pradesh)
**SUMMON FOR APPEARANCE & SHOW-CAUSE**
(Summon to defendant under section 19 (4) of the Recovery of Debts due to Banks and Financial Institutions Act.1993 read with Rules 12 & 13 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993).

**Original Application No. 779 of 2023**

STATE BANK OF INDIA ....Applicant
VERSUS
Sanket Sarswat ....Defendants

To,
**Sanket Sarswat S/o Shri Krishna Kant**
Address- H.NO. A-10, Balaji Puram Colony, Near Vashant Vihar Chowk, Bilaspur, C.G. 495001

Whereas, **OA No. 799/2023** was listed before the Hon'ble Presiding Officer on **04/08/2023**

Whereas this Hon'ble Tribunal please to issues summons/notice on the said Application under 19(4) of the Act, OA filed against you recovery of debts of **Rs 29,73,707.00/-** with expenses & future interest. (application along with copies of documents etc, annexed)
In accordance with sub section 4 of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under :-
1. To show cause within 30 days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.
2. To disclose particulars off properties of assets other than properties & assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application.
3. You are restrained from dealing with or disposing of secured assets of such other assets & properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing & disposal of the application of the attachment of properties.
4. You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and /or other assets & properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the tribunal.
5. you shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets & properties in the ordinary course of business & deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.

You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant & to appear before Registrar on **03/07/2024** at 10:30 a.m failing which the application shall be heard & decided in your absence.

Given under my hand and the seal of the tribunal. This **5th day of April, 2023.**

SEAL

Authorize Officer,
Debts Recovery Tribunal,
Jabalpur, (M.P.)

# अब की बार... नहीं 400 पार पर बन जाएगी भाजपा सरकार

लवकुश शुक्ला ▸▸| रायपुर

अमलेश्वर स्थित श्री महाकाल धाम में आयोजित विराट ज्योतिष सम्मेलन में प्रदेशभर के ज्योतिषाचार्यों ने शनिवार को शिरकत की। हरिभूमि ने ज्योतिषियों से पांच प्रमुख भविष्यवाणियां पूछीं। पांचों ने बताया पीएम नरेंद्र मोदी छाए रहेंगे लेकिन लोकसभा चुनाव में 400 सीटें नहीं मिलेंगी। विद्वानों ने सोनिया गांधी व राहुल गांधी का संघर्ष आगे भी जारी रहने की बात कही। साथ ही लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश व देश में सीएम विष्णु देव साय का कद बढ़ने का भी दावा किया। प्रस्तुत है विद्वानों द्वारा दिए गए तर्क के अंश...।

### तापमान बढ़ेगा आगजनी होगी

ज्योतिषाचार्य ओम नारायण तिवारी ने बताया कि प्रश्न कुंडली के हिसाब से छत्तीसगढ़ में मौसम के लिहाज से तापमान बढ़ेगा। तूफान और आगजनी की घटनाएं ज्यादा होंगी। राज्य का मालिक वृषभ राशि के जातक हैं। वहीं बीजेपी का राशि स्वामी शुक्र है। इसके प्रभाव से केन्द्र व राज्य में बीजेपी की स्थिर सरकार रहेगी।

### 2028 तक छाए रहेंगे मोदी



नरेन्द्र मोदी

पीएम नरेन्द्र मोदी की राशि में मंगल की महादशा प्रभावी है। इसके प्रभाव से विश्व पटल पर वे 2028 तक छाए रहेंगे। साथ ही देश का मान-सम्मान और गौरव भी बढ़ेगा। केन्द्र व राज्य की सरकारे जनहित में कई बड़े काम करेंगी।

## ज्योतिष सम्मेलन में पांच बड़ी भविष्यवाणियां



डॉ. नीना | डॉ. देवेन्द्र पांडेय | ओम नारायण तिवारी

*» अमलेश्वर में आयोजित विराट सम्मेलन में ज्योतिषाचार्यों ने हरिभूमि के सवालों के दिए जवाब*

### विष्णु साबित होंगे दूसरे योगी



विष्णुदेव साय

ज्योतिषाचार्य डॉ. देवेन्द्र पांडेय की मानें तो यह वर्ष मेष, वृषभ और मिथुन राशि के जातकों के लिए सर्वश्रेष्ठ है। वृषभ राशि के जातक सीएम विष्णु देव साय का कद लोकसभा चुनाव के बाद राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ेगा। वे छग के लिए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की तरह ही जनहित में मुखर होकर बात ही नहीं, काम भी करेंगे।

### जारी रहेगा संघर्ष



सोनिया व राहुल

वास्तुविद व टैरो कार्ड रीडिंग करते हुए डॉ. नीना ने सवाल के जवाब में कार्ड निकाले, इसमें राहुल के नाम से यंग चैप निकला। वहीं सोनिया को टेन एंड पेंटा कार्ड मिला। इसे देखने के बाद उन्होंने बताया कि सत्ता में आने के लिए अभी इन्हें संघर्ष करना पड़ेगा।

### दिल्ली में आप का जलवा



अरविंद केजरीवाल

इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर मोदी सन गार्ड मिला। इसके आधार पर डॉ. नीना ने कहा कि मोदी अभी किंग की तरह दुनियाभर में छाए रहेंगे। दिल्ली में आम आदमी पार्टी का वर्चस्व कायम रहेगा। पर्यावरण के लिहाज से मौसम की मार देश ही नहीं, बल्कि प्रदेश में भी अपेक्षा से ज्यादा प्रभाव भी छोड़ेगा।

### 325 सीट से ज्यादा नहीं

सूर्य ग्रहण का प्रभाव और 4 जून को आ रहा रिजल्ट छलावा साबित होगा। पाटी 325 से ज्यादा सीट नहीं जीतेगी। ज्योतिषाचार्य डॉ. देवेन्द्र पांडेय का दावा है कि केंद्र में भाजपा गठबंधन की सरकार बनेगी लेकिन अबकी बार 400 पार का नारा सही साबित नहीं होगा। चुनाव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रभाव बेहद रहने वाला है।

# ध्वनि प्रदूषण रोकने शासन जवाब नहीं दे सका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए नॉइज मीटर (ध्वनि सीमक यंत्र) का इस्तेमाल अनिवार्य करने हाईकोर्ट ने इस संबन्ध में की जा रही कार्रवाई की जानकारी मांगी थी। शासन की ओर से इस संबन्ध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा सकी। कोर्ट ने पूरी जानकारी देने के लिए 6 सप्ताह का समय दिया है। गौरतलब है कि ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए सभी जिलों के थानों को नॉइज मीटर दिए गए हैं। इसके जरिए पुलिस ध्वनि विस्तारक यंत्रों की जांच कर सकेगी। पिछली सुनवाई के दौरान इन यंत्रों को डीजे और अन्य साउंड सिस्टम में लगाने के उपायों पर कोर्ट ने सवाल पूछे थे। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने डीजे और साउंड सिस्टम की तेज आवाज पर एतराज जताते हुए स्वतः संज्ञान लिया है। डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान शासन से पूछा कि, ध्वनि प्रदूषण रोकने के आदेश के पालन में क्या प्रयास किए गए हैं। वहीं छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति ने भी जनहित याचिका के साथ हस्तक्षेप याचिका दायर की थी। याचिका में बताया गया है कि शासन ने 4 नवंबर 2019 को ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए साउंड लिमिटर लगाना अनिवार्य किया था, पर इसका पालन नहीं हो रहा। इसके बाद सुनवाई के दौरान शासन ने अधिसूचना जारी करने की बात कही थी।



# 28 साल तक जन्मतिथि सुधारने लड़ता रहा एसईसीएल कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

28 साल तक चले न्यायिक संघर्ष के बाद एसईसीएल कर्मचारी को इन्साफ मिला है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को हाईस्कूल बोर्ड में अंकित वास्तविक जन्मतिथि के अनुसार सारे लाभ देने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता के दावे को उचित मानते हुए एसईसीएल प्रबंधन को याचिकाकर्ता की जन्मतिथि हाईस्कूल के अनुसार दर्ज करने का निर्देश दिया है। इसके अनुसार ही हाईकोर्ट ने समस्त लाभ भी देने का आदेश अपने निर्णय में दिया है।

दरअसल इस कर्मचारी की जन्मतिथि विभाग ने दस्तावेजों में 10 साल पीछे दर्ज कर दी थी। याचिका के अनुसार याचिकाकर्ता परमारथ की नियुक्ति सन 1983 में चिरमिरी कोल माइंस में बतौर इलेक्ट्रिशियन हुई थी। इनकी जन्मतिथि विभागीय दस्तावेजों में गलत डाल दी गई थी। 1995 में पे स्लिप के जरिए इन्हें यह जानकारी हुई कि यह वास्तविक तिथि एक जनवरी 1965 की बजाय 21 अक्टूबर 1955 और 21 जुलाई 1955 दर्ज की गई है। इस तरह दो गलत तारीखें अलग – अलग दस्तावेजों में दर्ज होती रहीं। जानकारी मिलने के बाद याचिकाकर्ता ने लगातार ऑफिस में अपना अभ्यावेदन देते हुए इसे सुधारने की मांग रखी। विभागीय अधिकारी भी इस बात की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को लिखित रूप से देते रहे।

# गृहमंत्री के खिलाफ एफआईआर की मांग, कांग्रेस ने लगाया आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

गृहमंत्री विजय शर्मा के खिलाफ एफआईआर की मांग को लेकर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज चुनाव आयोग कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि गृहमंत्री होकर कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे हैं। चुनाव के बीच नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के बंगले का घेराव करना आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। मामले में आयोग को तत्काल एफआईआर के निर्देश देना चाहिए।

उन्होंने कहा, अगर आयोग एफआईआर दर्ज नहीं करता है तो कांग्रेस भी प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस के खिलाफ आयोग की ओर से तत्काल एक्शन लिया जा रहा है, लेकिन भाजपा के खिलाफ आयोग मौन दिख रहा है। गृहमंत्री के इस कृत्य से कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर संवैधानिक संकट खड़ा हो गया था। उन्होंने मांग की है कि गृहमंत्री के विरूद्ध आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने हेतु तत्काल कानूनी कार्यवाही किया जाये। साथ ही जब तक लोकसभा चुनाव चल रहे है। गृहमंत्री को मंत्री पद से बर्खास्त किया जाये। पूर्व में भी कांग्रेस पार्टी ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से किया था। उस शिकायत पर कार्यवाही नहीं होने के कारण पुनः प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने शिकायत किया सोशल मीडिया और चुनाव प्रचार में भाजपा की ओर से धार्मिक प्रतीकों का उपयोग करने की शिकायत कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा की छत्तीसगढ़ इकाई ने अपने फेसबुक पेज पर शनिवार को एक कार्टून प्रकाशित किया है, इसमें राम मंदिर का जिक्र किया गया है। राजनांदगांव के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को लेकर धार्मिक टिप्पणियां की गई है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धाराओं के तहत धार्मिक प्रतीकों व भावनाओं के आधार पर मतदाताओं को प्रभावित करना आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। कांग्रेस ने इस पर त्वरित कार्रवाई की जाये और कार्टून को हटवाकर भाजपा के खि ला फ अपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है।भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिर फोड़ने के बयान का प्रतीकात्मक विरोध करना भी कांग्रेसियों को हजम नहीं हो रहा है। चुनाव आयोग में गृहमंत्री विजय शर्मा के खिलाफ शिकायत करना कांग्रेस की दूषित मानसिकता का परिचायक है।

इससे साबित होता है कि कांग्रेस नेता इस शांतिपूर्ण होने वाले लोकसभा चुनाव में बयान से लोगों को भड़काकर अशांति पैदा करना चाह रही है। कांग्रेसी नेता अपनी हार से बौखलाकर मानसिक संतुलन खो चुके हैं।






# ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 7.35 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अम्बिकापुर


फर्जी एप के जरिए ऑनलाइन ट्रेडिंग कराने और मोटी कमाई का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर में छापामार कार्रवाई कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शहर के युवक को मुनाफा कमाने का झांसा देकर 7.35 लाख रुपए की ठगी की थी।



आज इस मामले का खुलासा एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने कोतवाली थाने में पत्रकारों से चर्चा के दौरान किया। पुलिस के अनुसार शहर के गुरुद्वारा वार्ड निवासी 45 वर्षीय गुरभेज सिंह छाबड़ा आ. रघुवीर छाबड़ा ऑनलाइन ट्रेडिंग करते है। युवक 15 मार्च 2023 को इंस्टाग्राम के जरिए एक ट्रेडिंग ग्रुप गोल्डन सच्स एक्वॉलिटी एसेस्ट मैनेजमेण्ट ग्रुप 356 में ज्वाईंन किया गया था। इस ग्रुप को ज्वाइन करने पर आरोपियों ने गुरभेज छाबड़ा को मोटी कमाई का प्रलोभन देकर फर्जी ट्रेडिंग एप की जानकारी दी गई और अपने झांसे में लेकर जीएसआईएन ट्रेडिंग फर्जी एप डाउनलोड कराया गया था। पहले तो ट्रेडिंग में लाभ होने का झांसा देकर युवक से 7 लाख 35 हजार रुपए जमा कराया गया था। अपने झांसे में लेने के लिए आरोपियों ने 10 से 23 जनवरी 2024 तक प्रलोभन के नाम पर 10 हजार 49 रुपए आहरित करने दिया लेकिन उसके बाद गुरभेज सिंह छाबड़ा ने 7 फरवरी से 17 फरवरी के बीच राशि आहरित करने का प्रयास किया तो पैसे आहरित नहीं हुए और ना ही फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफार्म द्वारा राशि आहरित करने की अनुमति दी गई। वहीं 15 फरवरी को युवक को कंपनी के वाट्सएप ग्रुप से भी पृथक कर दिया गया जिसके बाद युवक को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। ठगी के शिकार युवक ने पुलिस से शिकायत 19 फरवरी को की गई थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर जांच की जा रही थी।

### कक्षा पहली में प्रवेश के लिए उम्र 6 वर्ष निर्धारित करें

**रायपुर।** प्रायवेट स्कूलों एवं स्वामी आत्मानंद स्कूलों में छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश दिया जा रहा है, जिसको लेकर छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन ने नाराजगी जताई है और संचालक को पत्र लिखकर कक्षा पहली के लिए उम्र 6 वर्ष निर्धारित करने की मांग की है। पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों में 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश दिया जा रहा है, जो शिक्षा का अधिकार कानून का स्पष्ट उल्लंघन है।



### मरीजों की ओपीडी पर्ची में दवा के साथ मतदाता जागरूकता संदेश भी

**रायपुर।** बीमारी के इलाज के लिए सरकारी अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्र तक आने वाले मरीजों को ओपीडी पर्ची में दवा के साथ मतदान के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराने वाले संदेश भी मिल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अनूठी पहल करते हुए मतदाता जागरूकता संदेश के नियम को अनिवार्य किया है। अपने मताधिकार का प्रयोग करना हर मतदाता की जिम्मेदारी है और इस बात का अहसास लोगों को कराने में स्वास्थ्य विभाग भी पीछे नहीं है। स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को बीमारी की जांच के बाद उपचार के लिए जो दवा लिखी पर्ची दी जा रही है उसमें मतदान के संबंधित विभिन्न तरह के स्लोगन लिखे हुए हैं जो लोगों को अपने मत के अधिकार का प्रयोग करने के बाद होने वाले सुखद अनुभव का अहसास दिलाता है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रदेश में लागू है।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com